TarunMitra TarunMitra TarunMitra

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना

वर्ष: 25 अंक 64

शनिवार 20 जून, 2026

तापमान अधिकतम 41°C न्यूनतम 31°C

मूल्य 3 रुपए पृष्ठ-8

बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित

www.tarunmitra.in


# पटना से दिल्ली सिर्फ 5 घंटे में

## बिहार को मिलेगी बुलेट ट्रेन की सौगात, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का एलान



**छपरा, 19 जून।** छपरा-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस के उद्घाटन के अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार बिहार में रेलवे के व्यापक विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नई ट्रेन सेवा की घोषणा निर्धारित समय से पहले पूरी की गई है और हाल ही में पुणे-पटना रेल सेवा भी शुरू की गई है।

बिहार में बुलेट ट्रेन का भी सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले बिहार को रेलवे विकास के लिए लगभग एक हजार करोड़ रुपये का बजट मिलता था, जबकि वर्तमान में यह राशि बढ़कर 10 हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष हो गई है।

इसी का परिणाम है कि राज्य में रेलवे की आधारभूत संरचना तेजी से विकसित हो रही है। विभिन्न रेलखंडों पर तीसरी और चौथी लाइन बिछाई जा रही है। रेल मंत्री ने कहा कि बिहार में वर्तमान में 11 अमृत भारत एक्सप्रेस और 14 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। रेलवे नेटवर्क के विस्तार और आधुनिक सुविधाओं के विकास से यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव मिल रहा है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आने वाले वर्षों में बिहार को बुलेट ट्रेन परियोजना से भी जोड़ा जाएगा। बुलेट ट्रेन चलने से पांच घंटे से कम समय में पटना से दिल्ली की यात्रा होगी। रेल मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में बिहार में बड़े पैमाने पर नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं। बिहार से अगले पांच से आठ वर्षों के भीतर 200 नई ट्रेनों का संचालन संभव हो सकेगा। रेल मंत्री ने कहा कि मढ़ौरा रेल इंजन कारखाने में निर्मित लोकोमोटिव अब विदेशों को भी निर्यात किए जा रहे हैं।

समारोह को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव का संकेत देते हुए कहा कि राज्य के विद्यालयों को शाम तक सक्रिय बनाया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पढ़ाई समाप्त होने के बाद भी छात्रों के लिए अतिरिक्त शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

सम्राट चौधरी ने कहा कि अब विद्यालयों को रात आठ बजे तक संचालित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नीट, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के साथ-साथ तकनीक आधारित विकास पर भी विशेष जोर दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 11 नए टाउनशिप विकसित किए जा रहे हैं। उनमे से छपरा में दो बड़े टाउनशिप की योजना पर काम चल रहा है।

उन्होंने कहा कि रेलवे, सड़क और हवाई संपर्क के क्षेत्र में भी तेजी से काम हो रहा है। बिहार में कई रेल मार्गों के विस्तार और आधुनिकीकरण का कार्य जारी है।

इस मौके पर सांसद राजीव प्रताप रुडी, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक छोटी कुमारी, विनय कुमार सिंह, जनक सिंह, एमएलसी सच्चिदानंद राय, वीरेंद्र नारायण यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## ईरान वार्ता से पहले बदला प्लान, वेंस का स्विट्जरलैंड दौरा टला



- तकनीकी वार्ता जल्द शुरू करने पर कायम अमेरिका, नई तारीख का अब इंतजार

**वाशिंगटन, 19 जून।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित तकनीकी वार्ता से पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का स्विट्जरलैंड दौरा फिलहाल टाल दिया गया है। हालांकि व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि वार्ता की तैयारियां जारी हैं और दोनों पक्ष हाल ही में हुए ज्ञापन समझौते को लागू करने की दिशा में अगले चरण की बातचीत शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने गुरुवार देर रात बताया कि फिलहाल उपराष्ट्रपति वेंस स्विट्जरलैंड के लिए रवाना नहीं हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि तकनीकी वार्ता की तारीख अभी अंतिम रूप नहीं ले सकी है और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल जैसे ही परिस्थितियां अनुकूल होंगी, बातचीत के लिए तैयार रहेगा। नए प्रस्थान कार्यक्रम की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है। यह देरी ऐसे समय हुई है जब वाशिंगटन और तेहरान समझौते को लागू करने, उसके सत्यापन और अनुपालन से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले गुरुवार को वेंस ने संकेत दिया था कि वार्ता सप्ताहांत तक स्विट्जरलैंड में शुरू हो सकती है, लेकिन उन्होंने यह भी माना था कि पूरे कार्यक्रम का समन्वय चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। वेंस ने कहा कि उनकी यात्रा इस बात पर निर्भर करेगी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल कब वहां पहुंच पाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बातचीत शुरू होने पर वह अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला तस्करी मामले में पुलिस अधिकारी मनोरंजन मंडल गिरफ्तार

**कोलकाता, 19 जून।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित करोड़ों रुपए के कोयला तस्करी मामले में संलिप्तता के आरोप में पुलिस अधिकारी मनोरंजन मंडल को गिरफ्तार किया है। इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी लंबे समय से उन पर नजर बनाए हुए थी। सूत्रों के अनुसार, कोयला तस्करी मामले में पूछताछ के लिए मंडल कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में स्थित ईडी के साल्ट लेक ऑफिस पहुंचे थे। लंबी पूछताछ के बाद गुरुवार देर रात ईडी अधिकारियों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को हुई पूरी पूछताछ के दौरान मंडल लगातार अपने ही बयानों को बदलते रहे और अधिकारियों के कुछ सवालों का जवाब देने से भी इनकार कर दिया।

### पाकिस्तानी गैंगस्टर से जुड़े दो संदिग्ध गिरफ्तार

**बुलंदशहर/लखनऊ, 19 जून।** उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड (एटीएस) ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल दो संदिग्धों को बुलंदशहर से गिरफ्तार किया गया हैं। एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी एवं आबिद जट्ट के आतंकी नेटवर्क के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश एटीएस ने बुलन्दशहर से इस नेटवर्क से जुड़े दो अन्य अभियुक्तों बुलंदशहर के ग्राम अकबरपुर निवासी मोहम्मद उमर और फैजान को गिरफ्तार किया। खुलासा हुआ है कि ये दोनों सीधे तौर पर पाकिस्तानी आतंकवादी शहजाद भट्टी और हैंडलर्स आबिद जट के संपर्क में थे।

### तीन महीने बाद हॉर्मुज पार, भारत पहुंचा एलएनजी टैंकर 'दिशा'

**भरूच, 19 जून।** करीब तीन महीने के लंबे इंतजार के बाद एलएनजी टैंकर 'दिशा' सुरक्षित रूप से हॉर्मुज स्ट्रेट पार कर गुजरात के दहेज एलएनजी टर्मिनल पहुंच गया। शुक्रवार सुबह करीब 7:32 बजे टैंकर ने दहेज बंदरगाह पर लंगर डाला। जहाज कतर के रास लाफान एलएनजी टर्मिनल से 62,370 मीट्रिक टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) लेकर भारत के लिए रवाना हुआ था, लेकिन मध्य-पूर्व में बढ़े भू-राजनीतिक तनाव और हॉर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण इसकी यात्रा में लंबी देरी हुई।

### हापुड़ में 50 हजार का इनामी ढेर, सिपाही घायल

**हापुड़, 19 जून।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले की नगर और देहात पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार देर रात मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश को ढेर कर दिया। इस कार्रवाई में मुख्य आरक्षी घायल है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि गुरुवार की देर रात को बुलन्दशहर रोड पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया। बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे।

## 56 के हुए राहुल, कांग्रेस मुख्यालय में मना जश्न, मिली शुभकामनाएं

**प्रधानमंत्री मोदी, खरगे समेत विपक्षी नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई**



**नई दिल्ली, 19 जून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपना 56वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केक काटा। सुबह से ही कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे दिन उत्सव का माहौल बना रहा।

राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस मुख्यालय के बाहर बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए, जिनमें उन्हें संविधान की प्रति हाथ में लिए दिखाया गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटीं, सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। कई बच्चों ने भी राहुल गांधी को चित्र और शुभकामना संदेश भेंट किए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।

## यूएन में भारत की हुंकार, पाकिस्तान के झूठ पर करारा प्रहार

**दो टूक**



- जम्मू कश्मीर पर दो टूक संदेश, अवैध कब्जा खाली करने की दोहराई मांग

**जिनेवा, 19 जून।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 62वें सत्र में भारत ने पाकिस्तान और इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) की ओर से जम्मू-कश्मीर को लेकर लगाए गए आरोपों का सख्त जवाब दिया। भारत ने पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह बेबुनियाद, दुर्भावनापूर्ण और तथ्यों से परे बताते हुए खारिज कर दिया। साथ ही ओआईसी की टिप्पणी को भी अस्वीकार करते हुए स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा कि पाकिस्तान लगातार झूठा प्रचार कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करने की कोशिश करता रहा है। उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार वास्तव में पाकिस्तान की घरेलू विफलताओं और आतंकवाद को दिए जा रहे उसके समर्थन से दुनिया का ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ओआईसी के मंच का भी अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए दुरुपयोग कर रहा है। भारत ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर पर उसकी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट और अपरिवर्तित है। अनुपमा सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई विवाद नहीं है। असली अनसुलझा विषय पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्रों को खाली कराना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के बजाय अपने कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति और वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों पर जवाब देना चाहिए।

भारत ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का दुष्प्रचार पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में जारी दमन और वहां के लोगों के अधिकारों के हनन की सच्चाई को छिपा नहीं सकता। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने अपना रुख दोहराते हुए कहा कि वह अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े किसी भी मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा तथा झूठे आरोपों का हर मंच पर तथ्यों के साथ जवाब देता रहेगा।

## नीट री-एग्जाम से पहले टेलीग्राम पर बैन बरकरार, हाईकोर्ट की मुहर

**नई दिल्ली, 19 जून।** नीट री-एग्जाम से पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा टेलीग्राम पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को सही ठहराते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। शुक्रवार को जस्टिस तेजस करिया की एकल पीठ ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत सरकार को आवश्यक परिस्थितियों में किसी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अस्थायी रोक लगाने का अधिकार है।

हाईकोर्ट ने सरकार की कार्रवाई को वैध बताते हुए टेलीग्राम की याचिका खारिज कर दी। इससे नीट री-एग्जाम से पहले सरकार के एहतियाती कदमों को न्यायिक समर्थन मिल गया।

## तकनीक आधारित न्याय व्यवस्था से अपराधियों पर कसेगा शिकंजा: शाह

**सम्मेलन**



- तीन वर्षों में न्याय, वैज्ञानिक जांच और नागरिक अधिकार सुरक्षा पर सरकार का जोर

**नई दिल्ली, 19 जून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को ऐसा प्रभावी और आधुनिक बनाया जा रहा है, जिससे प्रत्येक नागरिक को संविधान प्रदत्त अधिकारों की समयबद्ध सुरक्षा मिल सके।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर, संपत्ति या सम्मान से जुड़े अधिकारों का उल्लंघन होने के बाद भी वर्षों तक अपराधी को सजा नहीं मिलती, तो ऐसी व्यवस्था न्याय के उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकती। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वर्ष 2019 से आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक सुधारों का अभियान चलाया जा रहा है।

इसका उद्देश्य कानूनों को आधुनिक जरूरतों के अनुरूप बनाना, वैज्ञानिक जांच को अनिवार्य करना तथा एफआईआर दर्ज होने से लेकर दोषसिद्धि तक की प्रक्रिया तीन वर्ष के भीतर पूरी करना है। गृहमंत्री ने कहा कि पहले थानों की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित थी, लेकिन अब उन्हें नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और प्रभावी अपराध जांच का केंद्र बनना होगा।

## रक्षा उत्पादन और निर्यात लक्ष्य समय से पहले हासिल होंगे: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, 19 जून।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है और तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन तथा 50 हजार करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण रक्षा विनिर्माण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और देश अब आयात पर निर्भर रहने के बजाय स्वदेशी उत्पादन को प्राथमिकता दे रहा है। राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नागपुर स्थित यंत्र इंडिया लिमिटेड की आयुध निमार्णी अंबाझरी इकाई में 10,000 टन क्षमता वाले अत्याधुनिक एल्यूमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित रहे। रक्षा मंत्री ने कहा कि आयुध निमार्णी बोर्ड के निगमीकरण के बाद उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2019-20 में जहां उत्पादन 12,755 करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 26,282 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

## सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन में मप्र ने हासिल की बहुआयामी उपलब्धियां: मुर्मु



**खंडवा, 19 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और इलाज को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में सवा करोड़ लोगों के स्क्रीनिंग का लक्ष्य समय से पहले पूरा हुआ है। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत मध्य प्रदेश ने जो बहुआयामी उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके लिए मैं राज्य सरकार की सराहना करती हूं। राष्ट्रपति मुर्मु शुक्रवार को मध्य प्रदेश के खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल दिवस पर इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह संतोष की बात है कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय मिशन का शुभारंभ करते समय जो अनेक बड़े लक्ष्य देश के सामने रखे गए थे, उनमें से स्क्रीनिंग का लक्ष्य समय से पहले ही पूरा हो गया। मुझे बताया गया है कि नवजात शिशुओं से लेकर 40 वर्ष की आयु तक के 7 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूरा हो चुका है। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह पूरे विश्व में आनुवंशिक रोगों की जाँच-परख की सबसे बड़ी पहलों में से एक है। इस उपलब्धि में मध्य प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में अब तक सवा करोड़ से भी अधिक लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है।

## तेज प्रताप यादव के खिलाफ धमकी मामले में एफआईआर दर्ज

**पटना, 19 जून।** बिहार की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। कोर्ट के आदेश पर जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव के खिलाफ पाटलिपुत्र थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला अनुष्का यादव के भाई आकाश यादव की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायत में जान से मारने की धमकी, जबरन घर में घुसने की कोशिश और परिवार को डराने-धमकाने के आरोप लगाए गए हैं। एएसपी (कानून-व्यवस्था) दिव्यांजलि जायसवाल ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपी है, जिसे अहम साक्ष्य के तौर पर जांचा जा रहा है। शिकायत के अनुसार, धमकी भरे फोन अमेरिका के एक नंबर से किए गए थे। पुलिस सभी आरोपों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच में जुटी है।

### बहुमत के बावजूद कांग्रेस हारी, सहयोगियों पर भरोसे का संकट गहराया

## पांच वोटों की सेंध ने पलटा झारखंड का पूरा सियासी खेल

हेमंत

**हलचल**

- क्रॉस वोटिंग ने सत्ता गठबंधन की एकजुटता पर बड़े सवाल खड़े किए
- नाथवानी की जीत से सत्ता पक्ष की सियासत में बढ़ी हलचल

**रांची, 19 जून।** झारखंड के राज्यसभा चुनाव का परिणाम सिर्फ दो सांसदों के निर्वाचन तक सीमित नहीं रहा। इसने सत्ता में बैठे इंडिया गठबंधन की राजनीतिक मजबूती, सहयोगी दलों के बीच विश्वास और संगठनात्मक अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विधानसभा में स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार की हार ने यह संदेश दिया है कि संख्या बल तभी तक प्रभावी होता है, जब तक सहयोगियों के बीच राजनीतिक भरोसा कायम रहे। चुनाव नतीजों ने सत्ता पक्ष के उस आत्मविश्वास को भी झटका दिया है, जिसके आधार पर दोनों सीटों पर जीत लगभग तय मानी जा रही थी। 81 सदस्यीय विधानसभा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए मुकाबला था। जीत के लिए 28 वोट जरूरी थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद और वाम दलों को मिलाकर इंडिया गठबंधन के पास 56 विधायकों का समर्थन था।

यही वजह थी कि जेएमएम और कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत को महज औपचारिकता माना जा रहा था। दूसरी ओर भाजपा नीत एनडीए के पास केवल 25 विधायक थे। ऐसे में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी की राह बेहद कठिन मानी जा रही थी। लेकिन मतगणना ने पूरे राजनीतिक गणित को उलट दिया। जेएमएम उम्मीदवार बैजनाथ राम को 30 वोट मिले और उनकी जीत सहज रही। वहीं परिमल नाथवानी को भी 30 मत प्राप्त हुए।

हालांकि दो मत अमान्य घोषित होने के बाद उनके खाते में 28 वैध वोट बचे और वह जीत दर्ज करने में सफल रहे।

सबसे बड़ा झटका कांग्रेस को लगा। उसके उम्मीदवार प्रणव झा को 21 वोट मिले, जिनमें एक मत रद्द होने के बाद उनके हिस्से सिर्फ 20 वैध वोट आए। यहीं से यह चुनाव राजनीतिक रहस्य और चर्चाओं का विषय बन गया।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि 56 विधायकों वाला गठबंधन अपने दूसरे उम्मीदवार को 28 वोट भी क्यों नहीं दिला सका। उपलब्ध आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि गठबंधन के कम से कम पांच से छह वोट निर्धारित रणनीति से अलग चले गए।

## समुद्री शक्ति को मिलेगा नया धार, तीन स्वदेशी युद्धपोत होंगे नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली, 19 जून।** भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत 21 जून को और मजबूत होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट में आयोजित समारोह में तीन स्वदेशी युद्धपोतों को एक साथ नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे। इनमें गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट दूनागिरी, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट अग्रेह और सर्वे वेसेल (लार्ज) संशोधक शामिल हैं।

इन युद्धपोतों के शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक क्षमता और समुद्री निगरानी को नई मजबूती मिलेगी।

दूनागिरी प्रोजेक्ट-17ए के तहत तैयार पांचवां स्टेल्थ फ्रिगेट है। इसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, बराक-8 एयर डिफेंस सिस्टम, आधुनिक रडार, सोनार, टॉरपीडो और कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम लगाए गए हैं। लगभग 6,700 टन वजनी यह युद्धपोत 30 नॉट की रफ्तार से चल सकता है तथा इसके करीब 75 प्रतिशत उपकरण स्वदेशी हैं।अग्रेह को तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए विकसित किया गया है। यह हल-माउंटेड और वैरिएबल डेप्थ सोनार, एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर, लाइटवेट टॉरपीडो तथा 30 मिमी नेवल गन से लैस है।

इसकी अधिकतम गति 25 नॉट है और यह लंबी दूरी तक गश्त करने में सक्षम है। वहीं, संशोधक भारतीय नौसेना का अत्याधुनिक सर्वे वेसेल है, जिसका उपयोग समुद्र तल की मैपिंग, हाइड्रोग्राफिक सर्वे और सुरक्षित समुद्री मार्गों के लिए चार्ट तैयार करने में किया जाएगा।

# स्वस्थ शरीर, मन एवं स्वस्थ समाज निर्माण के लिए योग को दैनिक जीवनचर्या का हिस्सा बनाए : डीएम

## 21 को जिले में मनाया जायेगा 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**दरभंगा, 19 जून (तरुणमित्र)।** आगामी 21 जून को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 पर जिला मुख्यालय, अनुमंडल, प्रखंड, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा हुई।



जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि 21 जून को स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग विषय पर 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6 बजे से डॉ. नागेन्द्र झा स्टेडियम, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर, दरभंगा में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ जल अर्पण कार्यक्रम से होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिवस का आयोजन नहीं है बल्कि यह स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का जनआंदोलन है।

इसी उद्देश्य से जिले के सभी अनुमंडलों, प्रखंडों, पंचायतों, नगर निकायों एवं वार्डों में भी व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अनुमंडल स्तर पर कार्यक्रमों का समन्वय एवं समीक्षा करने का निर्देश दिया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पंचायत एवं वार्ड स्तर पर कार्यक्रम स्थल चयन, माइक्रो प्लान तैयार करने तथा अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योग दिवस में शामिल होने वाले नागरिकों के लिए सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराए।

योग के लिए विशाल पंडाल का निर्माण होगा। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जन-जन का कार्यक्रम बनाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन एवं स्वस्थ समाज निर्माण के लिए योग को अपनी दैनिक जीवनचर्या का हिस्सा बनाए तथा 21 जून को आयोजित योग दिवस कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें। बैठक में नगर आयुक्त राकेश गुप्ता, उप विकास आयुक्त स्वप्निल, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सलीम अख्तर, अपर समाहर्ता विभागीय जांच राकेश कुमार, उप निदेशक जनसम्पर्क सत्येंद्र प्रसाद, डॉ. हरेंद्र कुमार लाल दास जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी दरभंगा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति फारूक इमाम , जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# ऑटो लूटकांड में तीसरी गिरफ्तारी, देसी कट्टा के साथ एक युवक भी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मनिहारी, कटिहार, 19 जून (तरुणमित्र)।** करीब छह माह पूर्व हुए ऑटो लूट कांड में मनिहारी पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस द्वारा गठित विशेष टीम ने मनिहारी थाना कांड संख्या-328/25, के एक और आरोपी सत्यम पासवान (उम्र 27), पिता रामनाथ पासवान, निवासी उदामारेखा, थाना मुफस्सिल, जिला कटिहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



मनिहारी पुलिस के अनुसार 31 दिसंबर 2025 को हुए ऑटो लूट कांड में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इधर, अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान रात्रि गश्ती में पुलिस ने एक और कार्रवाई करते हुए ग्राम डूमरकोल स्थित कलभट के समीप रवि शंकर पासवान (उम्र 19), पिता महेश पासवान, निवासी कुमारीपुर नया टोला, थाना मनिहारी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। हथियार बरामद होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दोनों कार्रवाई मनिहारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा के नेतृत्व में की गई। छापेमारी टीम में एसआई नीरज कुमार निराला सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। थानाध्यक्ष श्री झा ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी और अवैध हथियार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मनिहारी में खरीफ महाअभियानका आगाज वैज्ञानिक खेती अपनाने का दिया संदेश

**मनिहारी, कटिहार, 19 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड कृषि कार्यालय मनिहारी के सभागार में शुक्रवार को शारदीय (खरीफ) महा अभियान-2026 के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्या सुमति देवी ने की। इसमें कृषि विभाग के अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, वैज्ञानिक कृषि तकनीक, बीज उपचार, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, हरी खाद, मूंग एवं ढैंचा के उपयोग सहित बागवानी और फल-फूल उत्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।



कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और किसान हितैषी कार्यक्रमों की भी विस्तृत जानकारी साझा की गई। कृषि विज्ञान केंद्र कटिहार के कृषि वैज्ञानिक सुशील कुमार तथा सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) रोमी कुमारी ने खरीफ मौसम में फसलों में आने वाली समस्याओं, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा उनके बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाकर कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने की सलाह दी।

वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी गौरव कुमार ने किसानों से विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर उत्पादन बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि सह मनिहारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललन कुमार यादव ने किसानों से कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की अपील की। वहीं अध्यक्षीय संबोधन में जिला परिषद सदस्या सुमति देवी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने किसानों से नई तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया।

इस दौरान खेत बचाओ अभियान पर विशेष जोर देते हुए किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ खेती करने से कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति और उत्पादकता लंबे समय तक सुरक्षित रखी जा सकती है। मौके पर विभिन्न पंचायतों के वार्ड सदस्य, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, एटीएम-बीटीएम सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

# शहीद जगदेव बाबू के प्रतिमा का सौंदर्यीकरण हेतु सौंपा ज्ञापन



**कटिहार, 19 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमाकांत आनंद ने शहीद जगदेव चौक, न्यू मार्केट में स्थित शहीद जगदेव बाबू के प्रतिमा को सौन्दर्यकरण करने हेतु महापौर ऊषा अग्रवाल एवं विधान पार्षद अशोक अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। जिसे महापौर एवं विधान पार्षद ने गंभीरता से लेते हुए इसे जल्द से जल्द सौंदर्यकरण करने का आश्वासन दिए। उमाकांत आनंद ने इसके लिए उन्हें धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किए। उमाकांत आनंद ने कहा की, शहीद जगदेव बाबू शोषित एवं वंचितों के आवाज थे। न्यू मार्केट में स्थित शहीद जगदेव बाबू के प्रतिमा के आस पास गंदगी फैला रहता है। इसके साफ सफाई पर भी उन्होंने महापौर का ध्यान आकर्षित किया।

# मनिहारी का बढ़ा मान : 2 बहुओं समेत 19 युवक-युवतियों ने बिहार पुलिस व अग्निवीर में पाई सफलता

**मनिहारी, कटिहार, 19 जून (तरुणमित्र)।** मनिहारी की धरती एक बार फिर प्रतिभाओं की सफलता से गौरवान्वित हुई है। क्षेत्र की 2 बहुओं समेत कुल 19 युवक-युवतियों ने बिहार पुलिस एवं अग्निवीर सेना में चयनित होकर अपने परिवार, गांव और पूरे मनिहारी का नाम रोशन किया है।



इस उपलब्धि पर रेलवे कॉलोनी मैदान में भव्य सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां चयनित अभ्यर्थियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। बिहार पुलिस में नगर क्षेत्र की माधुरी कुमारी, दीपा कुमारी, अंशिका कुमारी, सोनम कुमारी, अभिलाषा कुमारी, राकेश कुमार एवं मनीष कुमार का चयन हुआ है। वहीं नवाबगंज की काजल कुमारी और समीक्षा कुमारी ने भी बिहार पुलिस में जगह बनाई है। इसके अलावा अग्निवीर सेना में रजनीश कुमार, सुमन कुमार, कृष्ण कुमार, मिथिलेश कुमार, युवराज कुमार, प्रियम कुमार, सिंटू कुमार, विकास कुमार एवं नितीश कुमार का चयन हुआ है। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिक एवं ट्रेनर संतोष कुमार चौधरी ने कहा कि यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि इस बार उनके प्रशिक्षण केंद्र से 19 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी मनिहारी के युवा विभिन्न सेवाओं में अपनी पहचान बनाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का माहौल गर्व, उत्साह और खुशी से सराबोर रहा।

# नीट परीक्षा में किसी भी स्तर पर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : एसएसपी

**गया, 19 जून (तरुणमित्र)।** 21 जून, 2026 को आयोजित होने वाले नीट (यूजी), 2026 पुनर्परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिले के डीएम शशांक शुभंकर के निर्देश के आलोक में एसएसपी सुशील कुमार एवं डीडीसी शैलेश दास की अध्यक्षता में शुक्रवार को संयुक्त बैठक हुई। सभी संबंधित पदाधिकारियों को अभ्यर्थियों की हर सुविधा का ख्याल रखने एवं उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुचारू यातायात संचालन तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इस बैठक में सभी पदाधिकारियों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा दिए गए दिशा-निदेशों के बारे में बारीकी से अवगत कराया गया तथा उन्हें अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर इसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। एसएसपी ने कहा कि इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु कई बार उच्च-स्तरीय समीक्षा हो चुकी है।



उच्चतम स्तर से तैयारियों का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है। एसएसपी ने कहा कि यह परीक्षा काफी गरिमापूर्ण परीक्षा है ।इसमें किसी भी स्तर पर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।गया जिला में इसके लिए 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमे जगजीवन कॉलेज, गया इंजीनियरिंग कॉलेज खिजर सराय, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बोधगया, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज ब्लॉक ए कटारी हिल, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज ब्लॉक बी कटारी हिल, गया कॉलेज एमबीए ब्लॉक, गया कॉलेज आईटी कमर्स ब्लॉक, गया कॉलेज सीवी रमन ब्लॉक, केंद्रीय विद्यालय नंबर वन गया बैरागी, मानवीकी ब्लॉक गया कॉलेज, महावीर इंटर कॉलेज स्वराजपुरी रोड, केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 कैंट एरिया पहाड़पुर शामिल है ।परीक्षा के दिन सभी कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे। उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी ।आस पास के सभी फोटो कॉपी की दुकान भी बंद रखे जाएंगे ।सोशल मीडिया पर 24७7 नजर रखी जाएगी। अफवाहों का त्वरित खंडन करते हुए इसे फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम द्वारा पदाधिकारियों को असामाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया ।एसएसपी ने एसडीओ एवं डीएसपी को निर्देश दिया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु सतत भ्रमणशील रहें। किसी भी प्रकार की समस्या प्रकाश में आने पर स्पॉट की ओर तुरत प्रस्थान करेंगे तथा व्यवस्थाओं का अनुश्रवण करेंगे ।एसएसपी ने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि परीक्षा की गरिमा को सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का अक्षरशः अनुपालन करें। अभ्यर्थियों की हर सुविधा यथाः शुद्ध पेयजल, वेटिंग एरिया, स्टेशन पर सुदृढ़ व्यवस्था, भीषण गर्मी को देखते हुए अभिभावकों के लिए परीक्षा केन्द्रों से 100 मीटर की सीमा के बाहर छायादार स्थल की व्यवस्था, मेडिकल सुविधा इत्यादि का ख्याल रखें ।राज्य सरकार के आदेशानुसार नीट परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को बीएसआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है।

# जनसुनवाई में आए 39 मामले, कई का हुआ ऑन स्पॉट समाधान




**दरभंगा, 19 जून (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार के निश्चय पार्ट 3 सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जिलाधिकारी परिवादियों की समस्याओं को सुना और समाधान का प्रयास किए। उन्होंने स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से समाधान के लिए अधिकारी को कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परिवादियों को बार-बार ऑफिस का चक्कर नहीं लगवायें। उनकी समस्याओं का समाधान ससमय करना सुनिश्चित करें। यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 39 नागरिकों ने अपनी समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों पर विस्तृत सुनवाई की गई। इनमें से आधे से अधिक मामलों को मौके पर ही समाधान कर दिया गया और शेष आवेदनों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# यूरिया एवं डीएपी के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग कर बिक्री पर सख्ती

**गया, 19 जून (तरुणमित्र)।** खेत बचाओं अभियान-सह- कृषि जनकल्याण चैपाल एवं संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा बताया गया है कि यूरिया एवं डीएपी के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग कर आपूर्ति की जा रही है ।जिला कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार द्वारा कम्पनियों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्टीकरण पृच्छा की गई है ।इस हेतु कल बैठक आयोजित कर क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं को मार्गदर्शन दिया जायेगा एवं इसके बाद भी यूरिया एवं डीएपी के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग जारी रहती है तो कम्पनी एवं थोक विक्रेता को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि किसानों से अपील की गई है कि उर्वरक की कमी को लेकर किसी भी तरह के भ्रामक एवं अफवाह पर ध्यान नही दें, जिले में पर्याप्त मात्रा यूरिया सहित अन्य फॉस्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है।

# मुहर्रम पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील, डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**कोलासी, कटिहार, 19 जून (तरुणमित्र)।** कोढ़ा प्रखंड के दक्षिण सिमरिया पंचायत अंतर्गत करमूटोला गांव, नक्कीपुर कॉलोनी, एवं मधुरा पंचायत तथा रौतारा थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कोलासी पुलिस एवं रौतारा पुलिस की ओर से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोलासी पुलिस कैंप प्रभारी श्रवण कुमार एवं रौतारा थाना प्रभारी लालसार बिंद ने की।




बैठक में अखाड़ा कमेटी के खलीफा, कमेटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कैंप प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि मुहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है। इसे आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मुहर्रम जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा प्रशासन के निर्देशों का हर हाल में पालन करना होगा। रौतारा थाना प्रभारी लालसार बिंद ने कहा कि पर्व के दौरान नशेड़ियों एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अखाड़ा कमेटी के सदस्यों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। श्रवण कुमार ने कहा कि जुलूस निर्धारित मार्ग एवं तय समय के अनुसार ही निकाला जाएगा। सभी खलीफा और कमेटी सदस्य अपने-अपने स्वयंसेवकों के माध्यम से व्यवस्था बनाए रखें, ताकि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा मुहर्रम पर्व को शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाने का भरोसा दिलाया। पुलिस ने भी लोगों को आश्वस्त किया कि सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे और पूरे क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिकारों की रक्षा और वैश्विक समाज का सामूहिक दायित्व निभाने का अवसर प्रदान करता है : डॉ. प्रेम कुमार

**गया, 19 जून (तरुणमित्र)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मानवीय संवेदना, साहस और अधिकारों के प्रतीक विश्व शरणार्थी दिवस पर कहा कि हम उन लाखों लोगों के अदम्य साहस और संघर्ष को नमन करते हैं, जिन्हें हिंसा, उत्पीड़न और संघर्ष के कारण अपना देश और घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा ।संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा समर्पित यह विशेष दिन शरणार्थियों के प्रति सहानुभूति रखने और उनके अधिकारों की रक्षा और वैश्विक समाज का सामूहिक दायित्व निभाने का अवसर प्रदान करता है। भारत की सनातन संस्कृति ने हमेशा वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को जिया है और संकट के समय मानवता को आश्रय दिया है। यह दिवस हमें ऐसे शांतिपूर्ण, सुरक्षित और न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण के संकल्प की याद दिलाता हैं, जहाँ किसी भी निर्दोष को अपना घर न खोना पड़े और हर मनुष्य को सम्मान व सुरक्षा के साथ जीने का अधिकार मिले।



### कारीसोवा कलश यात्रा में संदिग्ध 9 महिलाएं पकड़ी गई, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**वजीरगंज (गया), 19 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड के कारीसोवा गांव में शुक्रवार को सूर्य नारायण महायज्ञ के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा के दौरान ग्रामीणों की सतर्कता से संभावित वारदात टल गई ।संदिग्ध गतिविधियों के आरोप में 9 महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पूछताछ में महिलाएं स्पष्ट पता-ठिकाना नहीं बता सकीं और पहचान पत्र भी नहीं दिखा पाईं ।उनकी भाषा स्थानीय बोली से अलग थी ।ग्रामीणों को आशंका है कि ये धार्मिक आयोजनों में चेन-आभूषण चोरी करने वाले गिरोह से जुड़ी हो सकती हैं ।सूचना पर वजीरगंज थाना पुलिस पहुंची और सभी को थाना ले गई ।पुलिस पहचान व गतिविधियों की जांच कर रही है ।आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है ।कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता से क्षेत्र भक्तिमय रहा।

### मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया

**गया, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी सुशील कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस कार्यालय, गया में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया ।इस गोष्ठी में सीटी एसपी , एएसपी, सभी डीएसपी, सभी इंस्पेक्टर, सभी थानाध्यक्ष तथा जिले के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे ।बैठक के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थानों की बीते माह की उपलब्धियों एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई ।समीक्षा के क्रम में गिरफ्तारी की प्रगति, लंबित कांडों के निष्पादन, कुर्की/वारंट/इश्तिहार के तामिला सहित अन्य महत्वपूर्ण पुलिस कार्यों का भी गहन मूल्यांकन किया गया ।इस अवसर पर एसएसपी द्वारा आगामी माह के लिए आवश्यक लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने, विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित रखने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बच्चों के बीच कॉपी, कलम, चाकलेट और मिठाई का वितरण कर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया

**गयाजी, 19 जून (तरुणमित्र)।** कांग्रेस नेत्री डॉ देविका सरयार मिश्र के नेतृत्व में और पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र की उपस्थिति में शुक्रवार को गया जिला स्थित रविदास टोला में बच्चों, महिलाओं के बीच केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया ।इस अवसर पर गया जिला कांग्रेस कमिटी के गया शहर प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ लाबी सिंह का इस आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा ।कार्यक्रम में बच्चों के कॉपी और कलम का वितरण किया गया और उपस्थित सभी लोगों को चाकलेट,मिठाई दिया गया।

# मुहर्रम को लेकर नगर निगम का तैयारी जोरो पर, नगर आयुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

**गयाजी, 19 जून (तरुणमित्र)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गया नगर निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं ।इसी कड़ी में नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने शुक्रवार को कर्बला परिसर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



निरीक्षण के दौरान कर्बला के सचिव ने नगर आयुक्त को पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए कहा कि कर्बला परिसर में पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था की जाए, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही पूरे परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया गया।

नगर आयुक्त ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि कर्बला परिसर, प्रवेश द्वार, मुख्य मार्गों तथा आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई किया जाए, कहीं भी गंदगी या जलजमाव की स्थिति नहीं रहनी चाहिए ।सफाई कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती कर नियमित रूप से कचरा उठाव और साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया ।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाइल टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए साफ-सुथरे और उपयोगी शौचालय उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही पेयजल के लिए आवश्यक स्थानों पर पानी के टैंकर एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रकाश व्यवस्था को लेकर भी नगर निगम ने विशेष तैयारी की है।

नगर आयुक्त ने बताया कि कर्बला गेट से लेकर ईदगाह तक पूरे मार्ग में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी ।इसके अलावा किसी तकनीकी खराबी या बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक लाइट की व्यवस्था भी नगर निगम द्वारा की गई है, ताकि पर्व के दौरान आवागमन और कार्यक्रमों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी व्यवस्थाएं मुहर्रम से पूर्व पूरी कर ली जाएं तथा पर्व के दौरान विशेष निगरानी रखी जाए ।नगर निगम की टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेगी और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल आवश्यक कदम उठाएगी।

नगर आयुक्त ने कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे और आस्था का पर्व है ।इसे शांतिपूर्ण, स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ।मौके पर स्वच्छता पदाधिकारी शुभम कुमार, कनिय अभियंता, विद्युत, मुख्य सफाई निरीक्षक सहित निगम जेई, एई उपस्थित थे।

# दरभंगा में सोलह परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगा नीट 'यूजी' का री एग्जाम

**दरभंगा, 19 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट (यूजी) की री एग्जाम 21 जून को जिला के 16 परीक्षा केंद्रों पर होगी। यह जानकारी देते हुए सदर एसडीओ सोनल कुमार ने बताया कि रविवार को अपराह्न 02 बजे से अपराह्न 05:10 बजे तक दरभंगा नगर क्षेत्र स्थित 16 परीक्षा केन्द्र +2 एम.एल एकेडमी (ब्लॉक - बी), लहेरियासराय, बी.के.डी राजकीय बालक उच्च विद्यालय (जिला स्कूल), एम.एल.एस.एम कॉलेज, हराही पोखर, दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज, मब्बी, सी.एम कॉलेज, किलाघाट, +2 एम.एल एकेडमी (ब्लॉक - ए) लहेरियासराय, +2 राज उच्च विद्यालय हसन चौक, के.एस कॉलेज, लहेरियासराय, महारानी कल्याणी कॉलेज, बेंता चौक, मारवाड़ी कॉलेज गंगासागर पोखर के पश्चिम, +2 देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बालिका उच्च विद्यालय लालबाग, आर.एन.एम राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, वी.आई.पी रोड, +2 एम.ए.आर.एम विद्यालय, लालबाग, +2 मारवाड़ी उच्च विद्यालय सेनापति लालबाग, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, ए.एफ.एस, दरभंगा तथा +2 एम.के.पी विद्यापति उच्च विद्यालय लहेरियासराय दरभंगा में आयोजित की गई है। परीक्षा को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सफलतापूर्वक संचालन करवाने के लिए परीक्षा तिथि को सभी परीक्षा केन्द्र के आस-पास 100 मीटर की परिधि में धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस आदेश के तहत संबंधित परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर के व्यासार्द्ध (परिधि) में शांति भंग करने के उद्देश्य से पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, आग्नेयास्त्र या अन्य घातक हथियार, विस्फोटक आदि लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर परीक्षार्थियों एवं परीक्षा से संबंधित अन्य सभी व्यक्तियों के लिए मोबाईल फोन, सेल्युलर फोन एवं अन्य कोई भी इलेक्ट्रोनिक्स उपकरण आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# किशनगंज को मिला नया डीएम, विशाल राज का तबादला, नवीन कुमार संभालेंगे कमान




**किशनगंज, 19 जून (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा में बड़ा फेरबदल करते हुए किशनगंज के जिलाधिकारी विशाल राज का तबादला कर दिया है। उनके स्थान पर वर्ष 2019 बैच के बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी नवीन कुमार को जिले का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है।

इस निर्णय के बाद प्रशासनिक और सामाजिक हलकों में नई जिम्मेदारियों तथा जिले के विकास को लेकर चचार्ओं का दौर शुरू हो गया है। अपने कार्यकाल के दौरान निवर्तमान जिलाधिकारी विशाल राज ने सीमावर्ती जिला किशनगंज में विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने तथा आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से योजनाओं की प्रगति पर निगरानी रखी गई।

साथ ही जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए भी कई प्रभावी पहल की गईं। उनके कार्यकाल में सड़क, शिक्षा और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े कई उल्लेखनीय कार्य हुए। नवनियुक्त जिलाधिकारी नवीन कुमार को युवा, ऊर्जावान और परिणामोन्मुख अधिकारी के रूप में जाना जाता है।

राजस्थान के झुंझुनू जिले के मूल निवासी नवीन कुमार ने बी.टेक. की शिक्षा प्राप्त करने के बाद संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रवेश किया। तकनीकी पृष्ठभूमि के कारण उन्हें आधुनिक प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और डेटा आधारित प्रशासनिक कार्यप्रणाली की अच्छी समझ है। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने बिहार के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। वे मुजफ्फरपुर नगर निगम के नगर आयुक्त के रूप में भी कार्य कर चुके हैं, जहां शहरी विकास, स्वच्छता, जलनिकासी और नागरिक सुविधाओं के विस्तार में उनकी भूमिका सराहनीय रही। अगस्त 2024 में उन्हें गया जिले का उप विकास आयुक्त (डीडीसी) एवं जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। सीमावर्ती और संवेदनशील जिला होने के कारण किशनगंज में जिलाधिकारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

ऐसे में नवीन कुमार के सामने विकास योजनाओं को और गति देने, सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशासनिक निगरानी मजबूत करने तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। जिलेवासियों को उनसे विकास और सुशासन की नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# व्यवहार न्यायालय परिसर में न्याय के प्रतीक प्रतिमा का किया गया अनावरण



**भागलपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर में शुक्रवार को पटना उच्च न्यायालय के निरीक्षी न्यायाधीश एवं न्यायमूर्ति सुनील दत्त मिश्रा ने न्याय की प्रतीक प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान न्याय पार्क और संविधान की प्रस्तावना अंकित शिलापट्ट का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता और न्यायालय कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। न्यायालय परिसर में स्थापित इस प्रतिमा में एक हाथ में तराजू और आंखों पर पट्टी दर्शाई गई है, जो न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता, समानता और तटस्थता का प्रतीक है। इस मौके पर न्यायमूर्ति सुनील दत्त मिश्रा ने कहा कि न्याय व्यवस्था का मूल उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के सभी को न्याय प्रदान करना है।

यह प्रतिमा न्यायिक मूल्यों और संवैधानिक आदर्शों को लगातार स्मरण कराती रहेगी। उल्लेखनीय है कि यह पहल न्यायालय परिसर को न केवल सौंदर्यपूर्ण बनाती है, बल्कि संविधान के मूल मूल्यों को भी जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देती है। इसके उपरांत निरीक्षी न्यायाधीश ने भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न न्यायालय भवनों, व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने न्यायिक कार्यों के संचालन से जुड़े पहलुओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा भी की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भागलपुर के तहत आयोजित कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सुनील दत्त मिश्रा ने विशेष रूप से भाग लिया। इस दौरान स्कूली बच्चों के बीच बैग, पेंसिल और शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। वहीं दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, बैसाखी और श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा विभिन्न मामलों के पीड़ितों को सहायता राशि के चेक भी दिए गए।

## तेज रफ्तार 2 कार आपस में टकराई, अनियंत्रित गाड़ी बिजली पोल तोड़ते हुए दुकान में घुसी

**गयाजी, 19 जून (तरुणमित्र)।** शहर में गुरुवार रात ओवरटेक के चक्कर में तेज रफ्तार 2 कार आपस में टकरा गईं टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल को तोड़ते हुए दुकान में जा घुसी। हादसे में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया घटना विष्णुपद थाना क्षेत्र के माड़नपुर स्थित खटकाचक हाईवे के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों वाहन हाईवे की ओर तेज गति से बढ़ रहे थे। इसी दौरान एक ने दूसरे को ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे दोनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद एक ड्राइवर अपना संतुलन खो बैठा। अनियंत्रित गाड़ी पहले सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकराया और फिर पास की एक गुमटीनुमा दुकान में जा घुसा। उस समय दुकान के अंदर मौजूद संचालक वाहन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त गुमटी के अंदर फंसे दुकानदार को बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। बाद में घायल को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## डीएम ने संभावित बाढ़ से निबटने को लेकर नदी के तटबंधों का किया निरीक्षण

**अररिया, 19 जून (तरुणमित्र)।** संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निबटने तथा बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से डीएम विनोद दूहन ने जिले के विभिन्न संवेदनशील नदी तटबंधों एवं धारों का स्थल निरीक्षण किया।डीएम ने नरपतगंज प्रखंड अंतर्गत कजराधार एवं सुरसर धार का निरीक्षण किया। वहीं फारबिसगंज प्रखंड में पीपरा धार का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तटबंधों की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की क्षति या कटाव की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून के दौरान संभावित बाढ़ की चुनौती से निपटने के लिए सभी विभागों को पूर्ण सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करना होगा।


उन्होंने तटबंधों के संवेदनशील स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग, आवश्यक मरम्मत कार्यों की समयबद्ध पूर्णता तथा आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन,फारबिसगंज अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता फ्लड डिवीजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी नरपतगंज एवं फारबिसगंज उपस्थित थे।

# मकान कब्जे को लें नवादा में गोलीबारी से दहशत, कटघरे में प्रशासनिक अधिकारी, पांच गिरफ्तार

**नवादा, 19 जून (तरुणमित्र)।** नवादा के पम्पूकल रोड निवासी उदय सिँह के घर पर कब्जे को लेकर एक दर्जन की संख्या में रहे अपराधियों ने गोलीबारी तथा रोडे बाजी में शामिल 5 अपराधियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जल भेज दिया गया है। यह जानकारी सदर एसडीपीओ हुलास कुमार ने दी। गोलीबारी से इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया। गोली की आवाज सुनकर सैकड़ो नागरिक जुट गए। पत्थर बाजी में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल भी हो गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस अधिकारियों ने भारी मशक्कत के बाद बलवे पर कब्जा पाया। घंटे तक पंपू कल का इलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहा। सायरन की आवाज गूंजती रही। राइफल धारी अपराधी भागने में सफल रहे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुलिस ने अपराधियों को भगाने में मदद की।

सदर एसडीपीओ हुलास कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उदय सिंह की पत्नी मुन्नी देवी ने बताया कि उनके पति दो भाई हैं। जिनमें एक का नाम राजकुमार सिंह है। उन्होंने बताया कि नवादा के कुछ सफेद पोश भूमि माफिया दीपक महतो ने उनके चार ननद में से एक के पुत्र राजीव सिंह उर्फ टुन्नी से हिस्सेदारी का दावा कराकर मकान पर कब्जा करना चाह रहा था। जिसने नवादा के अंचलाधिकारी से कानून के विरुद्ध कागजात बनवाकर घटना को अंजाम दिया। अगर किसी की हकीकत है तो मामला न्यायालय में जाना चाहिए था। उन्होंने नवादा के अंचल अधिकारी पर मोटी रकम लेकर उनके पक्ष में गलत तरीके से कागजात बनाकर घर पर कब्जा करने का तिलस्म रचने का आरोप लगाया है। अगर किसी को भी हिस्सा मांगना है तो सही तरीके से न्यायालय में बटवारा का मुकदमा दायर करना चाहिए था। लेकिन नवादा थाने की पुलिस की मिली भगत से अंचलाधिकारी जाल रचकर मेरे मकान पर कब्जा कराना चाहते हैं। इसी कोशिश के तहत एक दर्जन से अधिक गुंडो ने शस्त्र के साथ उनके घर पर हमला कर दिया। रोड़ेबाजी कर कई लोगों को घायल भी कर दिया। उनके साथ भी मारपीट की गई। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

# अलंकृता पांडे होंगी भागलपुर की नई डीएम



**भागलपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** तेजतर्रार और अपनी प्रशासनिक कार्यशैली के लिए जानी जाने वाली 2016 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अलंकृता पांडे को भागलपुर का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। बिहार सरकार द्वारा जारी हालिया ट्रांसफर-पोस्टिंग के आदेश के बाद भागलपुर में नए प्रशासनिक युग की शुरूआत होने जा रही है। इसके पूर्व अलंकृता पांडे जहानाबाद जिले में जिलाधिकारी के रूप में अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रही थीं।

अब उनके कंधों पर सिल्क सिटी भागलपुर के विकास और कानून व्यवस्था की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अलंकृता पांडे ने जहानाबाद की जिलाधिकारी रहते हुए जनहित के कई बड़े फैसले लिए और विकास कार्यों को धरातल पर उतारा। प्रशासनिक दक्षता और जनता से सीधा जुड़ाव रखने वाली अलंकृता पांडे अब भागलपुर जिले के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं को नई गति देंगी। भागलपुर जैसे बड़े और ऐतिहासिक जिले में उनकी नियुक्ति को बेहद अहम माना जा रहा है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर की रहने वाली अलंकृता पांडे बचपन से ही मेधावी रही हैं।

उन्होंने देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली सिविल सर्विस परीक्षा में अपने शानदार प्रदर्शन से ऑल इंडिया 85वीं रैंक हासिल की थी। उनकी इस सफलता के बाद उन्हें 2016 बैच के आईएएस अधिकारी के रूप में देश सेवा का मौका मिला। अलंकृता पांडे के कैडर बदलने की कहानी भी बेहद दिलचस्प है। सिविल सर्विस परीक्षा पास करने के बाद उन्हें प्रारंभिक रूप से पश्चिम बंगाल कैडर आवंटित किया गया था। लेकिन जीवन के सफर में एक नया मोड़ आया और उनका विवाह बिहार कैडर के ही आईएएस अधिकारी अंशुल अग्रवाल से हुआ।

शादी के बाद नियमानुसार उनका इंटर-कैडर ट्रांसफर हुआ और वे पश्चिम बंगाल से बिहार कैडर में आ गईं। तब से वे बिहार के विभिन्न जिलों में अपनी प्रशासनिक क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। भागलपुर जिला प्रशासन में इस नए बदलाव के बाद स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्ध जनों में काफी उत्साह है। सिल्क सिटी के नाम से मशहूर भागलपुर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, ट्रैफिक व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण और स्वास्थ्य-शिक्षा जैसे कई मोर्चों पर काम चल रहा है। अलंकृता पांडे जल्द ही भागलपुर पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण करेंगी, जिसके बाद जिले के विकास को एक नई और दमदार दिशा मिलने की पूरी उम्मीद है।

## अवैध अतिक्रमणकारियों पर चला बुलडोजर

**अररिया, 19 जून (तरुणमित्र)।** अररिया जिला प्रशासन ने शुक्रवार को गोढ़ी चौक से लेकर वन विभाग की जमीन पर लंबे समय से अतिक्रमण कर रह रहे लोगों के आशियाने पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त किया वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमित कर बने सैकड़ों मकान और दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। अभियान के दौरान जिला प्रशासन की टीम के साथ सैकड़ों की संख्या में किसी तरह के उपद्रव से निबटने को लेकर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। हालांकि अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों ने आभियान का विरोध भी किया, लेकिन भारी संख्या महिला और पुरुष पुलिस बलों के सामने विरोध चल न सका और प्रशासन ने सख्ती के साथ अतिक्रमित जमीन को अवैध रूप से कब्जा किए कब्जाधारियों से मुक्त कराया। अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान सबसे ज्यादा आश्चर्यजनक पहलू यह रहा कि वहां अवैध रूप से बने मकानों में बिजली का सरकारी मीटर लगा हुआ था। बकायदा अवैध अतिक्रमणकारियों के घरों में बिजली का कनेक्शन था।

## कलकतिया फार्म स्थित मां काली मंदिर में चोरी, मुकुट-हार समेत कीमती सामान ले उड़े चोर

**किशनगंज, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिले में ठाकुरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के कलकतिया फार्म स्थित प्रसिद्ध मां काली मंदिर में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर के ताले तोड़कर मां काली का मुकुट, सोने का हार, घी तथा अन्य कीमती सामान चुरा लिया। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह उस समय हुई जब मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य और श्रद्धालु नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर मंदिर के दोनों मुख्य द्वारों के ताले टूटे हुए मिले और गर्भगृह से कई सामान गायब पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंदिर परिसर में जुट गए। लोगों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर के दोनों प्रवेश द्वारों पर बड़े और मजबूत ताले लगे हुए थे। इसके बावजूद चोरों ने बेखौफ होकर ताले तोड़े और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हैरानी की बात यह है कि मंदिर घनी आबादी वाले इलाके में स्थित है, जहां देर रात तक लोगों की आवाजाही बनी रहती है, फिर भी किसी को घटना की भनक नहीं लगी। घटना की सूचना मिलते ही ठाकुरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा संभावित सुराग जुटाने का प्रयास किया।

पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब इस मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया हो। इससे पूर्व सितंबर 2023 में भी मंदिर में चोरी की घटना हुई थी, जिसका अब तक कोई ठोस खुलासा नहीं हो सका है। इसके अलावा रेलवे गेट के समीप स्थित मां काली मंदिर तथा जैन मंदिर में भी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मंदिर चोरी मामले का शीघ्र खुलासा करने, चोरी गए सामान की बरामदगी सुनिश्चित करने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पूरे ठाकुरगंज में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है और लोगों की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हुई हैं।

# स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली उजागर

## अस्पतालों में मरीज नहीं, रखी जा रही मक्के की फसल



**किशनगंज, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाल तस्वीर सामने आई है। करोड़ों रुपये की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र आज मरीजों के इलाज के बजाय उपेक्षा और अव्यवस्था के प्रतीक बन गए हैं। कहीं अस्पताल के कमरों में मक्के की फसल और जलावन की लकड़ियां रखी जा रही हैं तो कहीं स्वास्थ्य केंद्र ऐसी जगह बना दिया गया है जहां मरीजों का पहुंचना ही मुश्किल है।

ठाकुरगंज प्रखंड की भोगडाबर पंचायत स्थित ग्वालटोली उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है। ग्रामीणों के अनुसार करीब दस वर्ष पूर्व बने इस केंद्र में आज तक नियमित रूप से कोई डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी सेवा देने नहीं पहुंचा। अस्पताल परिसर तक पहुंचने के लिए लोगों को सूखे मौसम में भी जलजमाव से होकर गुजरना पड़ता है। अस्पताल के कमरों में मरीजों और दवाइयों की जगह किसानों द्वारा मक्के के पौधे, सूखी घास तथा जलावन की लकड़ियां रखी गई हैं। इससे स्पष्ट है कि केंद्र लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल निर्माण के लिए स्थानीय लोगों ने अपनी जमीन दान में दी थी ताकि गांववासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें, लेकिन आज भी उन्हें इलाज के लिए ठाकुरगंज जाना पड़ता है। आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार तक उपलब्ध नहीं हो पाता।

इसी तरह दिघलबैंक प्रखंड की करुआमनी पंचायत का उप स्वास्थ्य केंद्र भी अव्यवस्था का शिकार है। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह भवन रिहायशी इलाके से दूर नदी किनारे और पुल के नीचे बना दिया गया है। अस्पताल के चारों ओर घना जंगल और झाड़ियां उगी हुई हैं। भवन तक पहुंचने का रास्ता भी बेहद कठिन है। बारिश के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ जाने पर अस्पताल तक पहुंचना लगभग असंभव हो जाता है। केंद्र में नियुक्त एएनएम और अन्य कर्मियों ने बताया कि ड्यूटी के लिए उन्हें आना पड़ता है, लेकिन बारिश के समय रास्ता बंद होने पर पुल के नीचे बैठकर मरीजों का इलाज करना पड़ता है।

अस्पताल परिसर में पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। मामले पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनवर हुसैन ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर अस्पतालों के लिए पहुंच मार्ग की समस्या दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन के सहयोग से आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि वर्षों से उपेक्षित इन स्वास्थ्य केंद्रों को जल्द चालू कर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में समारोह का हुआ आयोजन

**पटना, 19 जून (तरुणमित्र)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में मनाया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने केक काटकर राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि राहुल गांधी देश की लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, संविधान और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई के सबसे सशक्त एवं प्रतिबद्ध नेता हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं एवं वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी देश में भाईचारे, समानता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए संघर्षरत है। जेन जी के बीच राहुल गांधी की लोकप्रियता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के युवा और छात्र उन्हें अपना नेता मानते हैं और वे उनके हक के लिए लगातार सड़क से लेकर सदन तक संघर्षरत रहते हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि राहुल गांधी का जीवन जनसेवा, सत्य और संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं उज्ज्वल राजनीतिक जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

जन्म दिन समारोह में विधान परिषद में कांग्रेस दल नेता डा. मदन मोहन झा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह प्रभारी सुशील पासी, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, विधान पार्षद राजीव कुमार, ब्रजेश प्रसाद मुनन, पूर्व विधायक प्रमोद कुमार सिंह, बंटी चौधरी, मिन्नत रहमानी, राजीव मेहता, प्रेमचन्द सिंह, कुमार आशीष, डा. अमन कुमार, डा. संजय, सूरज, कमलदेव नारायण, मनोज शर्मा मृणाल अनामय, विमलेश तिवारी, मंजीत आनन्द साहू, उदय शंकर पटेल,, सुधीर शर्मा, सत्येन्द्र कुमार सिंह, अखिलेश्वर सिंह, शशि रंजन, रीता सिंह, उमेश कुमार राम, राहुल पासवान,राजेन्द्र चौधरी, जितेन्द्र नाथ पटेल, हीरा सिंह बग्गा, अरूण पाठक, विशाल यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## भगवान सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**वजीरगंज (गया), 19 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र के कारीसोवा गांव स्थित नव-निर्मित सूर्य मंदिर में भगवान सूर्यनारायण की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित 11 दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए और पूरा क्षेत्र भगवान भास्कर के जयघोष से गुंजायमान रहा।कलश यात्रा यज्ञ स्थल कारीसोवा से निकलकर चौधरी मोड़, वजीरगंज बाजार, मनैनी एवं तिलोरा चैन बिगहा होते हुए ढाढ़र नदी स्थित मिजापुर घाट पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरने के बाद श्रद्धालु भूरा गांव होते हुए पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे, जहां विधिवत कलश स्थापना की गई।यात्रा में वजीरगंज विधायक वीरेन्द्र सिंह, जिला परिषद सदस्य डॉ. पिंकी कुमारी, मुखिया रेखा देवी तथा नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमर शंकर सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।यज्ञ समिति के सदस्य छोटन सिंह, विजय राजवंशी, रामसनेही सिंह, शिक्षक अर्जुन सिंह और निरंजन सिंह ने बताया कि श्री श्री 1008 आदित्य भास्कर पंचकुंडीय महायज्ञ सह भगवान सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ 29 जून तक चलेगा। इस दौरान प्रवचन, रामलीला एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।समापन के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।इधर, कलश यात्रा के दौरान शामिल नौ संदिग्ध महिलाओं को ग्रामीणों ने पूछताछ के बाद पुलिस के हवाले कर दिया।ग्रामीणों के अनुसार महिलाएं अपनी पहचान और यात्रा में शामिल होने का स्पष्ट कारण नहीं बता पा रही थीं।

## समारोह पूर्वक मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**भागलपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का जन्मोत्सव शुक्रवार को भागलपुर के पूर्व विधायक अजीत शर्मा के निवास स्थित कांग्रेस के कैम्प कार्यालय में समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर अजीत शर्मा ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी इस देश के लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए सतत संघर्ष कर रहे हैं। भाजपा देश में तानाशाही थोपने की कोशिश कर रही है। जिसका मुकाबला राहुल गांधी अकेले कर रहे हैं। अब देश को एकमात्र उम्मीद है कि राहुल गांधी 2029 में देश के प्रधान मंत्री बनेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि डॉ अभय आनंद, अरविंद झा, सुनील तिवारी, इंजीनियर रवि कुमार, सोईन अंसारी, दीपक बाजोरिया, डॉ अभिषेक चौबे, मीनाक्षी, ज्योति देवी, रविन्द्र यादव, सौरव पारेख, रमीज राजा, रवि हरि के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीण आवास सहायक पर डीडीसी ने की विभागीय कार्रवाई, मानदेय में कटौती का आदेश

**अररिया, 19 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में लापरवाही, कार्य क्षेत्र से लगातार अनुपस्थित रहने, वरीय अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने तथा आवास योजना के क्रियान्वयन में रुचि नहीं लेने के आरोप में रानीगंज के कोशकापुर दक्षिण पंचायत की ग्रामीण आवास सहायक कुमारी संगीता के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। डीडीसी रोजी कुमारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार रानीगंज बीडीओ की अनुशंसा के आधार पर ग्रामीण आवास सहायक से स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्राप्त स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने के बाद मामले की समीक्षा की गई। जांच में यह पाया गया कि संबंधित कर्मी द्वारा लगातार कार्य क्षेत्र से अनुपस्थित रहने, समीक्षात्मक बैठकों में भाग नहीं लेने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों के प्रति उदासीनता बरतने के कारण पंचायत क्षेत्र में योजना की प्रगति प्रभावित हुई है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित ग्रामीण आवास सहायक के विरुद्ध पूर्व में भी अनुशासनहीनता एवं कार्य में लापरवाही के मामलों में कार्रवाई करते हुए जिला आदेश संख्या 3822/अभि. दिनांक 31.12.2022 के माध्यम से मूल मानदेय में 20 प्रतिशत की कटौती एक वर्ष के लिए की गई थी तथा अंतिम चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद कार्यशैली में सुधार नहीं पाया गया।फलस्वरूप डीडीसी द्वारा विभागीय पत्रांक-196 दिनांक 25.03.2022 में वर्णित प्रावधानों के आलोक में कुमारी संगीता के मूल मानदेय में 05 प्रतिशत की कटौती एक वर्ष की अवधि के लिए अधिरोपित की गई है। साथ ही उन्हें अंतिम चेतावनी भी दी गई है।

## प्रधानमंत्री के सफल 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा उपलब्धि प्रदर्शनी का आयोजन

**सहरसा, 19 जून (तरुणमित्र)।** शहर के तिवारी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला अध्यक्ष साजन शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को उपलब्धि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में मोदी सरकार के 12 वर्षों के दौरान हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्रों और प्रदर्श सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया एवं किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। प्रदर्शनी को नागरिकों एवं कार्यकताओं का व्यापक समर्थन और सराहना मिली। पार्टी के जिला महामंत्री भैरवानंद झा, जिला उपाध्यक्ष मिहिर झा, जिला मंत्री कुमार गौरव,जिला मीडिया प्रभारी सुमित कुमार सिन्हा, सह मीडिया प्रभारी कुमार अमर ज्योति, जिला प्रवक्ता अभिनंदन कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुगमनी देवी, नगर पश्चिमी अध्यक्ष आशीष गुप्ता, अखिलेश पांडे, अरुण निराला, प्रभाष झा सहित अन्य मौजूद रहे।

## राहुल गांधी के 56 वां जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया

**सहरसा, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को राहुल गांधी का 56 वां जन्मदिन कांग्रेस कार्यकताओं ने केक काट कर मनाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने राहुल गांधी के तैल चित्र के सम्मुख केक काट कर उनकी दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल राजनीति भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सदैव लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय, युवाओं, छात्रों के अधिकार, किसानों, मजदूरों तथा वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य किया है। उनका संघर्ष, समर्पण और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया है और जनता की समस्याओं को संसद से लेकर सड़क तक प्रमुखता से उठाया है। एन एस यू आई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरीय कोंग्रेसी केशर कुमार सिंह ने राहुल गाँधी को बधाई देते हुये कहा कि आज उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर हम सभी उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घ जीवन की मंगलकामना करते हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शनिवार, 20 जून 2026
विक्रम संवत्– 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, षष्ठी

## अलग–थलग इजराइल!

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस का हालिया बयान मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो रहा है। वेंस ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इजराइल दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है, कोई उसे पसंद नहीं करता। मात्र 90 लाख आबादी वाले इस छोटे से देश के पास रणनीतिक विकल्प सीमित हैं और उसे अमेरिका जैसे एकमात्र शक्तिशाली सहयोगी को नजरअंदाज करने का साहस नहीं करना चाहिए। यह बयान ईरान के साथ अमेरिकी समझौते पर इजराइली प्रतिक्रिया के संदर्भ में आया है, लेकिन इससे कहीं गहरी सच्चाई उजागर होती है। आज का इजराइल वाकई कूटनीतिक रूप से घिरा हुआ प्रतीत होता है। गाजा संघर्ष, लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ टकराव और ईरान के साथ तनाव ने उसके पारंपरिक सहयोगियों को भी सतर्क कर दिया है। यूरोपीय देशों में इजराइल-विरोधी प्रदर्शन बढ़े हैं, संयुक्त राष्ट्र में बार-बार प्रस्तावों का सामना करना पड़ रहा है और कई अरब देशों ने अब्राहम समझौतों के बावजूद दूरी बनाई हुई है। वेंस का इशारा सही है कि ट्रंप प्रशासन फिलहाल इजराइल का सबसे मजबूत समर्थक है, लेकिन यहां भी दरारें दिख रही हैं। अमेरिका के टैक्सपेयर्स के पैसे से इजराइल की सुरक्षा का बड़ा हिस्सा संभाला जा रहा है, फिर भी इजराइली नेतृत्व अमेरिकी हितों को चुनौती दे रहा है। यह स्थिति इजराइल की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की दोधारी तलवार को दर्शाती है। एक ओर, इजराइल का अस्तित्व हमेशा से घेराबंदी और अस्तित्व की लड़ाई पर टिका रहा है। होलोकॉस्ट की स्मृति, चारों तरफ शत्रुतापूर्ण पड़ोसी और आतंकवादी समूहों का खतरा उसे सख्त रुख अपनाने को मजबूर करता है। 'मार-काट' से हर समस्या हल करने की रणनीति ने उसे सैन्य रूप से मजबूत बनाया, लेकिन कूटनीतिक रूप से कमजोर। 90 लाख की आबादी वाला देश, जहां संसाधन सीमित हैं, लंबे समय तक वैश्विक अलगाव बर्दाश्त नहीं कर सकता। अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और सैन्य सहायता पर निर्भरता उसे विवश करती है। दूसरी ओर, वेंस का बयान इजराइल को यथार्थवाद की याद दिलाता है। अंतरराष्ट्रीय संबंध शक्ति संतुलन पर टिके हैं, न कि केवल नैतिकता या ऐतिहासिक दावों पर। जब अमेरिका जैसे सहयोगी को 'एकमात्र सहानुभूतिपूर्ण शक्ति' कहा जा रहा हो, तो इजराइली नेतृत्व को आत्मचिंतन करना चाहिए। ईरान समझौते जैसी पहल क्षेत्रीय स्थिरता के लिए हो सकती है, लेकिन इजराइल इसे अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मान रहा है। यह टकराव न केवल द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करेगा, बल्कि पूरे मध्य पूर्व के शक्ति समीकरण बदल सकता है। इजराइल के लिए विकल्प क्या हैं? पहला, कूटनीतिक संवाद बढ़ाना। सऊदी अरब और अन्य सभी देशों के साथ सामान्यीकरण की प्रक्रिया को तेज करना, जो ईरान के विस्तारवाद के खिलाफ प्राकृतिक गठबंधन बन सकता है। दूसरा, आंतरिक एकता और लचीलेपन की जरूरत। नेतन्याहू सरकार की सख्त नीतियां घरेलू राजनीति को मजबूत कर सकती हैं, लेकिन वैश्विक स्तर पर अलगाव बढ़ा रही हैं। तीसरा, अमेरिका के साथ रणनीतिक समन्वय। ट्रंप प्रशासन इजराइल का समर्थक है, लेकिन उसकी भी अपनी प्राथमिकताएं हैं। चीन के साथ प्रतिस्पर्धा, घरेलू अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्थिरता। विश्व समुदाय के लिए भी यह स्थिति सबक है। इजराइल को अकेला छोड़ना या उसे दबाने की कोशिश क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ावा देगी। फिलिस्तीन समस्या का समाधान दो-राज्य सूत्र पर आधारित होना चाहिए, लेकिन दोनों पक्षों में समझौता की इच्छाशक्ति की कमी है। आतंकवाद और चरमपंथ को जड़ से मिटाए बिना शांति असंभव है। वेंस का बयान कठोर है, लेकिन आवश्यक। इजराइल को अपनी शक्ति की सीमाएं समझनी होंगी। छोटे देश बड़े सपने देख सकते हैं, लेकिन उन्हें यथार्थ की जमीन पर खड़ा होना पड़ता है। अलग-थलग पड़ना कोई विकल्प नहीं; संवाद और संतुलित रणनीति ही दीर्घकालिक सुरक्षा की कुंजी है। मध्य पूर्व में शांति तभी संभव है जब सभी पक्ष जैसे इजराइल, फिलिस्तीन, ईरान और बड़े शक्तिशाली देश अपनी जिद छोड़कर आगे बढ़ें।

### बगावत में है दम !



कृष्णेन्द्र राय

क्या मौसम आया है, क्या मौसम आया है ।
टूटने की ऐसी अब, हवा है ये चली ।
बागीयों से महकी है अब ।
संसद की गली ।।
मस्त हैं वो सांसद ।
बगावत में है दम ।।
सब तैयार बैठे हैं ।
ना इसमें भरम ।।
चर्चा में रहना, आगे है बढ़ना ।
कोई ना रोके आज हमें ।।
उड़ जाएंगे, अब ना रुकेंगे ।
है इसमें आनंद हमें ।।
कांटों पे चलना है ।
हों भले घायल ।।
जनता भी हो शायद ।
अब हमारी कायल ।।

## यूपी में शुरू हो गई चुनावी हलचल



रोहित माहेश्वरी

**उत्तर प्रदेश में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्य की राजनीति में अभी से सरगर्मी दिखने लगी है और सभी दल अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं।**

चुनावी समीकरण को अपने पक्ष में करने के लिए पार्टियां लगातार सक्रिय हो रही हैं और जमीन स्तर पर तैयारियों को धार दे रही हैं। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस और अन्य दलों में चुनाव की तैयारियां साफ तौर पर दिखने लगी हैं। ओवैसी की पार्टी ने बहराइच में रैली करके सूबे के राजनीतिक ताप को बढ़ाने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी में में लगातार बैठकों का दौर जारी है। चुनाव को ध्यान में रखते हुए पिछले महीने उत्तर प्रदेश में कैबिनेट का विस्तार किया गया और 6 नए मंत्रियों को शामिल किया गया, जबकि दो मंत्रियों को स्वतंत्र प्रभार भी दिया गया। बीजेपी इस बार भी गठबंधन के साथ ही चुनाव में उतरने की तैयारी कर रही है, जिसमें राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल, निषाद पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी शामिल हैं। इस गठबंधन के जरिए बीजेपी प्रदेश के जातीय समीकरण को साधने में सफल रहती है। वहीं, इसकी काट के तौर पर अखिलेश यादव 'पीडीए' फॉर्मूला लेकर आए हैं, जिसका मतलब है पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का समीकरण।

दूसरी तरफ, इंडिया गठबंधन की बात करें तो उत्तर प्रदेश में इसका स्वरूप अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच अभी बातचीत शुरू नहीं हुई है। लेकिन दोनों पार्टियों के नेता बयानबाजी जरूर कर रहे हैं। बीते दिनों कांग्रेस के दो नेता बीएसपी प्रमुख मायावती से मिलने उनके घर भी पहुंचे, हालांकि मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बावजूद इस घटनाक्रम ने यूपी की राजनीति में हलचल बढ़ा दी। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने कहा कि वह सभी 403 सीटों पर अपनी तैयारी कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा किया।

दरअसल, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद कुछ राजनीतिक घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिन्हें इंडिया गठबंधन के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा रहा। बंगाल में राहुल गांधी ने ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया, लेकिन ममता बनर्जी की हार के बाद अखिलेश यादव का कोलकाता जाकर उनके साथ खड़ा होना कांग्रेस को पसंद नहीं आया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में एक सीट तृणमूल कांग्रेस को भी दी थी। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक नेताओं से बातचीत से यह संकेत मिलते हैं कि कांग्रेस और सपा का गठबंधन तो होगा। लेकिन सीट बंटवारे पर कड़ी बातचीत होगी।

बीती 8 जून को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेतृत्व के बीच यूपी चुनाव को लेकर बातचीत हुई है, ऐसी खबरें मीडिया में प्रसारित हुई हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 में सपा 62 सीटों पर लड़ी और 37 जीती, जबकि कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ी और 6 सीटों पर जीत हासिल की। एक सीट तृणमूल कांग्रेस ने लड़ी थी। इसी आधार पर कांग्रेस कम से कम 70 सीटों की मांग कर रही है, जबकि समाजवादी पार्टी 50 से ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं दिख रही है। अगर लोकसभा के नतीजों को विधानसभा सीटों में बदलकर देखें तो सपा 184 सीटों पर आगे थी और कांग्रेस 39 सीटों पर। ऐसे में सीट बंटवारे की बातचीत इन्हीं आंकड़ों के आसपास होगी।

वहीं इस तरह की खबरें भी सामने आ रही हैं कि सपा के अगुवाई इंडिया गठबंधन और बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए से मुकाबले के लिए एक तीसरा फ्रंट भी तैयार हो रहा है। ये फ्रंट स्वामी प्रसाद मौर्य, चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी मिलकर बना रहे हैं। थर्ड फ्रंट बनाने के मद्देनजर स्वामी प्रसाद मौर्य और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की 17 जून को लखनऊ में मुलाकात हुई। ये मुलाकात करीब एक घंटे तक चली। 2024 के लोकसभा चुनाव में स्वामी प्रसाद मौर्य, चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी ने मिलकर किस्मत आजमाई थी। स्वामी प्रसाद मौर्य फिर से एक बार ओवैसी और चंद्रशेखर को लेकर आगामी विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने का प्लान है, लेकिन सवाल यही है कि एनडीए बनाम इंडिया ब्लॉक की लड़ाई को त्रिकोणीय बना पाएंगे?

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने राज्य की राजनीति में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। राजनीतिक गलियारों में एआईएमआईएम और बसपा के संभावित गठबंधन को लेकर चचाएं तेज हैं। माना जा रहा है कि दोनों दल दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाने की रणनीति पर काम कर सकते हैं। हालांकि गठबंधन को लेकर अभी कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन आगामी चुनावों से पहले बदलते राजनीतिक समीकरणों ने समाजवादी पार्टी की मुश्किलों को बढ़ा दिया है क्योंकि यूपी के मुस्लिम पारंपरिक तौर पर समाजवादी पार्टी के वोटर माने जाते हैं।

सूत्रों के अनुसार अंदरखाने बसपा और ओवैसी की पार्टी में गठबंधन को लेकर बातचीत जारी है। एआईएमआईएम नेता शेख ताहिर सिद्दीकी ने दावा किया है कि बहुजन समाज पार्टी से गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है। उन्होंने बसपा की कमजोरी का जिक्र करते हुए मायावती के पास सिर्फ एक विधायक है और उनको भी अपना अस्तित्व बचाने के लिए हमारे साथ गठबंधन करना पड़ेगा। गौरतलब है कि मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने पहले ही साफ कर दिया है कि वह इंडिया ब्लॉक या सपा के साथ गठबंधन नहीं करने वाली है। अब शेख ताहिर सिद्दीकी का बसपा के साथ गठबंधन के लिए बातचीत का दावा सामने आ रहा है।

ऐसे में एआईएमआईएम और बसपा के साथ वाले तीसरे मोर्चे की संभावना बनती हुई दिखाई दे रही है। हालांकि बसपा की तरफ से इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। एआईएमआईएम और बसपा के बीच गठबंधन को लेकर भले ही अभी बातचीत चल रही है, लेकिन यह खबर विपक्ष की धड़कने बढ़ा सकती है। एआईएमआईएम और बसपा यदि साथ आते हैं और एंटी बीजेपी दलित के साथ मुस्लिम वोटर्स यदि तीसरे मोर्चे की तरफ मुड़ जाते हैं तो यह विपक्ष के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो सकता है। फिलहाल चुनाव में आगे क्या कुछ होता है यह देखना दिलचस्प होगा।

विधानसभा चुनाव को देखते हुए सपा अपने संगठनात्मक और सामाजिक समीकरण साधने में जुटी है। लखनऊ में सपा कार्यालय में 17 जून को ब्राह्मण समुदाय की विशेष बैठक बुलाई गई।

इस बैठक में आने वाली 5 अगस्त को जनेश्वर मिश्र जयंती को लेकर तैयारियों पर चर्चा हुई जानकारी के अनुसार इस दिन को ब्राह्मणों के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर तैयारी होगी। यूपी में 10-15 फीसद ब्राह्मण वोटर हैं जो प्रदेश की 115 सीटों पर प्रभाव रखते हैं। जबकि 12 जिलों में ब्राह्मण किसी भी प्रत्याशी की जीत हार के लिए निर्णायक साबित होते हैं। यही वजह है कि सपा ब्राह्मणों को साथ लाना चाहती है। सपा मुखिया लगातार पीडीए के 'ए' को अगड़े शब्द से भी परिभाषित करते हैं। यहीं नहीं शंकराचार्य विवाद में भी उन्होंने खुलकर उनका समर्थन किया।

सपा की सहयोगी कांग्रेस भी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी सियासी एक्सरसाइज शुरू कर दी है। कांग्रेस ने कैंडिडेट की तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा अलग-अलग मंडल में बैठक कर सियासी रणनीति भी बनाई जा रही है। बसपा प्रमुख मायावती भी यूपी चुनाव को लेकर लगातार बैठकें कर रही है। कुल मिलाकर यूपी धीरे धीरे चुनाव मोड में आ चुका है। आने वाले दिनों में सियासत क्या क्या रंग दिखाएगी यह देखना अहम होगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## हाथों में दुनिया : मोबाइल क्रांति का उजाला या भविष्य के लिए खतरे की घंटी ?



प्रकाश चन्द्र शर्मा


भारत में मोबाइल और इंटरनेट ने विकास की ऐसी गंगा बहाई है जिसने गांव और शहर के बीच की दूरियों को पाट दिया। संचार, शिक्षा, व्यापार और तकनीक के क्षेत्र में मोबाइल ने मानो जादुई चिराग का काम किया है। एक क्लिक पर दुनिया मुट्ठी में समा गई है और जानकारी अब उंगलियों की पोरों पर नाचती दिखाई देती है। लेकिन हर चमकती चीज सोना नहीं होती। जिस तकनीकी क्रांति को प्रगति का रथ माना गया था, उसके पहियों से अब कुछ ऐसे सवाल भी उठ रहे हैं जो समाज के भविष्य को लेकर चिंता पैदा कर रहे हैं। आज का दृश्य किसी मूक चलचित्र से कम नहीं। रेल के डिब्बों से लेकर बस अड्डों तक, मंदिरों से लेकर विद्यालयों तक और घरों के बैठक कक्षों से लेकर पार्कों तक हर जगह झुकी हुई गर्दनें और चमकती स्क्रीनें दिखाई देती हैं। ऐसा लगता है मानो इंसान मोबाइल चला नहीं रहा बल्कि मोबाइल इंसान को चला रहा है। बातचीत की जगह टाइपिंग ने ले ली है और रिश्तों की गर्माहट इमोजी के सहारे सांस ले रही है। 'घर का जोगी जोगना, आन गांव का सिद्ध' वाली कहावत की तरह लोग दूर बैठे लोगों से घंटों जुड़े रहते हैं लेकिन पास बैठे अपनों से संवाद के लिए समय नहीं निकाल पाते। सबसे बड़ी चिंता बचपन को लेकर है। कभी जिन मैदानों में बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं, वहां अब सन्नाटा पसरा दिखाई देता है। गिल्ली-डंडा, कबड्डी और छुपन-छुपाई की जगह मोबाइल गेम्स ने ले ली है। बचपन, जो कभी खुली हवा में उड़ने वाली चिड़िया था, अब स्क्रीन के पिंजरे में कैद होता नजर आ रहा है। अभिभावकों की व्यस्तता ने भी इस आग में घी डालने का काम किया है। बच्चों को शांत रखने के लिए थमाया गया मोबाइल अब कई घरों में उनकी सबसे बड़ी जरूरत बन गया है। परिणामस्वरूप कम उम्र में ही डिजिटल लत, एकाग्रता में कमी, चिड़चिड़ापन और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं सिर उठाने लगी हैं। इंटरनेट की असीम दुनिया ज्ञान का महासागर भी है और भ्रम का भंवर भी। मोबाइल के जरिए बच्चों और किशोरों की पहुंच ऐसी सामग्री तक हो रही है जो उनकी उम्र और मानसिक परिपक्वता के अनुकूल नहीं है। साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, हिंसक वीडियो, अश्लील सामग्री और झूठी सूचनाएं समाज के सामने नए युग के राक्षस बनकर खड़ी हैं। बिना निगरानी के इंटरनेट का उपयोग कई बार बच्चों को ऐसे रास्तों पर ले जाता है जहां से लौटना आसान नहीं होता। यह स्थिति उस कहावत को चरितार्थ करती है कि 'नादान के हाथ में तलवार' कभी-कभी स्वयं उसके लिए भी खतरा बन जाती है। मोबाइल का एक और बड़ा प्रभाव पढ़ने की संस्कृति पर दिखाई दे रहा है। कभी पुस्तकें ज्ञान का दीपक मानी जाती थीं और पुस्तकालय बौद्धिक ऊर्जा के मंदिर हुआ करते थे।

धार्मिक ग्रंथों, उपन्यासों और साहित्यिक कृतियों पर होने वाली चर्चाओं ने समाज की वैचारिक नींव मजबूत की थी। आज वही दीपक स्क्रीन की चकाचौंध में धुंधला पड़ता जा रहा है। किताबों की खुशबू की जगह अब नोटिफिकेशन की आवाज ने ले ली है। परिणामस्वरूप चिंतन, मनन और गहन अध्ययन की आदत धीरे-धीरे कमजोर पड़ रही है। मोबाइल ने भौगोलिक दूरियां जरूर मिटाई हैं लेकिन भावनात्मक दूरियां बढ़ा दी हैं। एक ही छत के नीचे रहने वाले लोग अपने-अपने डिजिटल संसार में खोए रहते हैं। परिवारों में संवाद की डोर ढीली पड़ रही है और आत्मीयता का वृक्ष सूखता हुआ प्रतीत होता है। समाजशास्त्रियों का मानना है कि यदि तकनीक को साधन के बजाय जीवन का केंद्र बना दिया गया, तो रिश्तों की नींव में दरारें पड़ना तय है। आखिर रिश्ते नेटवर्क से नहीं, संवाद से मजबूत होते हैं। यह भी उतना ही सत्य है कि मोबाइल और इंटरनेट को पूरी तरह दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यही तकनीक शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, आपदा प्रबंधन और प्रशासनिक सेवाओं का सशक्त माध्यम भी बनी है। समस्या तकनीक में नहीं, उसके अनियंत्रित और असंतुलित उपयोग में है। आवश्यकता इस बात की है कि अभिभावक बच्चों के स्क्रीन टाइम पर निगरानी रखें, विद्यालय डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं तथा सरकार ऑनलाइन सुरक्षा के लिए प्रभावी नियमों को और मजबूत करे। मोबाइल क्रांति विकास के आकाश में चमकता हुआ सूर्य है लेकिन यदि उसकी रोशनी पर संयम और विवेक की छतरी न हो तो वही तेज आंखों को चौंधिया भी सकता है। समय की मांग यही है कि तकनीक को सेवक बनाकर रखा जाए, स्वामी नहीं।

अन्यथा आज का यह तकनीकी वरदान कल की पीढ़ियों के लिए ऐसा अभिशाप बन सकता है, जिसकी कीमत समाज को लंबे समय तक चुकानी पड़े। विकास की दौड़ में यह नहीं भूलना चाहिए कि मशीनें जीवन को आसान बना सकती हैं, लेकिन जीवन का अर्थ नहीं दे सकतीं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## क्या अमेरिका और ईरान ने वास्तव में शांति चुन ली है?



महेन्द्र तिवारी

अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से चला आ रहा टकराव केवल दो देशों का विवाद नहीं रहा है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु प्रसार, समुद्री व्यापार और मध्य पूर्व की स्थिरता से जुड़ा एक ऐसा प्रश्न बन चुका है जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच तनाव जिस स्तर तक पहुंच गया था, उसे देखते हुए बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि अचानक कोई ऐसा समझौता सामने आएगा जो युद्धविराम का रास्ता खोल सके। लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए जाने के बाद एक अंतरिम समझौता लागू हो चुका है, जिसने कम से कम फिलहाल सैन्य संघर्ष को रोक दिया है और आगे की बातचीत के लिए 60 दिनों का समय प्रदान किया है। यह समझौता केवल युद्ध रोकने का दस्तावेज नहीं है।

इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने, परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता शुरू करने, आर्थिक प्रतिबंधों में संभावित राहत और क्षेत्रीय तनाव कम करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। यही कारण है कि इस समझौते को कुछ लोग ऐतिहासिक सफलता बता रहे हैं, जबकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल एक अस्थायी विराम है और वास्तविक परीक्षा अभी बाकी है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि होर्मुज जलडमरूमध्य इतना महत्वपूर्ण क्यों है। यह दुनिया के सबसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। युद्ध के दौरान इस मार्ग पर संकट पैदा होने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई थी और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई थीं। समझौते के तहत इस जलमार्ग को फिर से खोलने पर सहमति बनी है और कम से कम 60 दिनों तक जहाजों को बिना शुल्क गुजरने की अनुमति देने की बात कही गई है।

हालांकि समझौते का सबसे विवादास्पद पहलू वही है जिस पर अब दुनिया की नजर टिकी हुई है। ईरान के वरिष्ठ नेता मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने स्पष्ट संकेत दिया है कि 60 दिनों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाया जा सकता है।

उनका तर्क है कि ईरान इस क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता का अधिकार रखता है और सुरक्षा तथा अन्य सेवाओं के बदले शुल्क लेना उसका अधिकार है। दूसरी ओर अमेरिका और कई पश्चिमी देश इस विचार से सहमत नहीं दिखते। यदि भविष्य में इस मुद्दे पर सहमति नहीं बनती, तो यह नया विवाद पैदा कर सकता है। अब प्रश्न यह है कि इस समझौते में वास्तव में किसे झुकना पड़ा।

यदि ईरानी दृष्टिकोण से देखा जाए तो तेहरान यह दावा कर सकता है कि उसने अपनी प्रमुख मांगों में से कई को सुरक्षित रखा है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम तत्काल समाप्त नहीं किया गया है। उसका संवर्धित यूरेनियम पूरी तरह नष्ट करने की शर्त भी स्वीकार नहीं की गई। इसके बजाय अंतरराष्ट्रीय निगरानी में आगे की प्रक्रिया तय करने पर सहमति बनी है। इसका अर्थ यह है कि ईरान ने अपनी मूल रणनीतिक क्षमता को पूरी तरह छोड़ा नहीं है। इसके अतिरिक्त, ईरान को आर्थिक राहत मिलने की संभावना भी दिखाई दे रही है। तेल निर्यात पर कुछ प्रतिबंधों में ढील, जमी हुई संपत्तियों तक संभावित पहुंच और आर्थिक पुनर्निर्माण से जुड़ी चचाओं को ईरान अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। युद्ध और प्रतिबंधों के लंबे दौर के बाद यह तेहरान के लिए महत्वपूर्ण राहत मानी जाएगी। लेकिन यदि अमेरिकी दृष्टिकोण से देखा जाए तो वाशिंगटन भी इस समझौते को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है। अमेरिका का कहना है कि कठोर प्रतिबंधों, नौसैनिक दबाव और सैन्य कार्रवाई ने ईरान को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर किया। समझौते में ईरान द्वारा परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है तथा अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी को स्वीकार करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। अमेरिका के लिए यह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि मानी जा सकती है।

वास्तव में यदि निष्पक्ष दृष्टि से देखा जाए तो यह किसी एक पक्ष की पूर्ण जीत नहीं है। आधुनिक कूटनीति में अक्सर ऐसा होता है कि दोनों पक्ष कुछ प्राप्त करते हैं और कुछ छोड़ते हैं। यही इस समझौते में भी दिखाई देता है। अमेरिका को परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत और समुद्री मार्ग की बहाली मिली है, जबकि ईरान को युद्धविराम, संभावित आर्थिक राहत और अपनी कुछ रणनीतिक स्थितियों को बनाए रखने का अवसर मिला है। इस समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू 60 दिनों की वार्ता अवधि है। यही वह समय होगा जिसमें यह तय होगा कि अंतरिम समझौता स्थायी शांति की दिशा में आगे बढ़ता है या नहीं। यदि दोनों पक्ष परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री मार्गों के उपयोग जैसे मुद्दों पर ठोस सहमति बना लेते हैं, तो यह मध्य पूर्व के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। लेकिन यदि वार्ता विफल होती है, तो संघर्ष दोबारा शुरू होने की आशंका भी बनी रहेगी। दुनिया के कई देशों के लिए यह समझौता राहत की खबर है। ऊर्जा आयात करने वाले देशों को उम्मीद है कि तेल और गैस की आपूर्ति अधिक स्थिर होगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक कंपनियां भी समुद्री मार्गों के सामान्य होने की प्रतीक्षा कर रही हैं। युद्ध के दौरान वैश्विक बाजारों में जो अनिश्चितता दिखाई दी थी, उसमें कुछ कमी आने की संभावना है। हालांकि चुनौतियां अभी भी कम नहीं हैं। समझौते में कई महत्वपूर्ण विषयों को भविष्य की बातचीत के लिए छोड़ दिया गया है। मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय सहयोगी समूहों की भूमिका, मानवाधिकार से जुड़े प्रश्न और दीर्घकालिक सुरक्षा व्यवस्था जैसे विषय अभी पूरी तरह हल नहीं हुए हैं। यही कारण है कि कई विशेषज्ञ इस समझौते को अंतिम समाधान के बजाय एक प्रारंभिक ढांचा मान रहे हैं।

इतिहास गवाह है कि अमेरिका और ईरान के संबंध लंबे समय से अविश्वास से भरे रहे हैं। अनेक बार बातचीत शुरू हुई, कई बार उम्मीदें जगीं, लेकिन अंततः विवाद फिर सामने आ गए। इस पृष्ठभूमि में वर्तमान समझौता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, परंतु इसकी सफलता का आकलन केवल हस्ताक्षरों से नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब मानी जाएगी जब आने वाले महीनों में दोनों देश अपने वादों का पालन करें और एक व्यापक तथा स्थायी समझौते तक पहुंचें। निष्कर्ष यही है कि न तो अमेरिका पूरी तरह विजेता बनकर उभरा है और न ही ईरान पूरी तरह पराजित हुआ है। दोनों देशों ने अपनी-अपनी सीमाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए एक व्यावहारिक रास्ता चुना है। युद्ध ने दोनों को नुकसान पहुंचाया था और शांति की दिशा में बढ़ना दोनों की आवश्यकता बन गया था। इसलिए इस समझौते को किसी एक की जीत और दूसरे की हार के रूप में देखने के बजाय इसे एक ऐसे राजनीतिक समझौते के रूप में देखना अधिक उचित होगा जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए टकराव को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। आने वाले 60 दिन यह तय करेंगे कि यह समझौता इतिहास में स्थायी शांति के पहले कदम के रूप में दर्ज होगा या केवल युद्ध के बीच आया एक अस्थायी विराम साबित होगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### सूडोकु नवताल- 7831

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -7830 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## आज का राशिफल

**मेष**– लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पदोन्नति की संभावना है।

**वृष**– आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मिथुन**– अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कर्क**– अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**सिंह**– अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी।

**कन्या**– समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**तुला**– जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृश्चिक**– परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें।

**धनु**– स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।

**मकर**– धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुम्भ**– सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा।

**मीन**– उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# समय पर होंगे पंचायत चुनाव, एक करोड़ रोजगार देने के लक्ष्य पर काम कर रही सरकार : मंत्री दीपक प्रकाश

**सीवान, 19 जून (तरुणमित्र)।** बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि राज्य में पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर कराए जाएंगे। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आरक्षण रोस्टर तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। शुक्रवार को शहर के गोपालगंज मोड़ स्थित परिसदन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि सरकार पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में सरकार कार्य कर रही है तथा पंचायतों के माध्यम से संचालित योजनाओं में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं में रोजगार सृजन प्रमुख है। आगामी पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य को लेकर सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। दीपक प्रकाश ने बताया कि वे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकताओं एवं नेताओं से मिलने सीवान आए हैं। इस दौरान वे संगठन की गतिविधियों और क्षेत्र की राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिति की जानकारी भी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए के वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद मिलता रहेगा तो वे मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन करते रहेंगे। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किए जाने तथा विधायक या विधान परिषद सदस्य बने बिना दूसरी बार मंत्री बनाए जाने से जुड़े सवाल पर मंत्री ने कहा कि उन्हें अभी तक कोई आधिकारिक नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। आधिकारिक नोटिस मिलने के बाद कानूनी पहलुओं का अध्ययन कर उचित जवाब दिया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अब्दुल रिजवान, लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष महादेव पासवान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष स्मृति कुमुद, अभिषेक कुमार समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।अपने सीवान दौरे के दौरान मंत्री महाराजगंज प्रखंड के देवरिया गांव भी पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व मुखिया स्वर्गीय आजादी बाबू के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व हृदयाघात से उनका निधन हो गया था। इसके अलावा मंत्री सदर प्रखंड के भंटा पोखर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने स्वर्गीय हरेंद्र भगत की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में ओरमा गांव जाकर लाल बाबू कुशवाहा का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बने शिक्षक डाइट बसहा में पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**सुपौल।** बदलते शैक्षिक और सामाजिक परिवेश में शिक्षकों की भूमिका केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रह गई है। विद्यार्थियों के मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास में भी शिक्षकों की अहम जिम्मेदारी होती है। इसी उद्देश्य को लेकर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बसहा में 15 से 19 जून तक आयोजित मानसिक स्वास्थ्य एवं भावात्मक कल्याण विषयक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए 127 शिक्षकों ने भाग लिया। पांच दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक जागरूकता, सहयोगीकरण के कौशल, संबंध प्रबंधन, समस्या समाधान, भावात्मक समझ और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की भावनात्मक एवं मानसिक दक्षताओं का विकास करना था, ताकि वे विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें। समापन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अखलाक खान ने कहा कि आज के समय में शिक्षकों का मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भावनात्मक संतुलन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास न केवल एक शिक्षक को बेहतर बनाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से सशक्त व्यक्ति ही अपने परिवार, विद्यालय और समाज के विकास में सार्थक भूमिका निभा सकता है। शिक्षकों को आदर्श आचरण और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की भी उन्होंने सलाह दी। प्रशिक्षण प्रभारी मो. आफताब आलम ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य और भावात्मक कल्याण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से एक है। उन्होंने बताया कि तनावपूर्ण जीवनशैली और बढ़ती चुनौतियों के बीच मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## जंगली फल के बीज खाने से 14 बच्चों की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मचा हड़कंप

**सुपौल।** जिले के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत हृदयनगर पंचायत के वार्ड संख्या-05 में ग जंगली फल (बरगंडी) के बीज खाने से 14 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और सभी बच्चों को तत्काल वीरपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार, बच्चे खेलते समय बरगंडी फल के बीज खा रहे थे। कुछ ही देर बाद उन्हें पेट दर्द, उल्टी और बेचैनी की शिकायत होने लगी। बच्चों की हालत बिगड़ती देख परिजन घबरा गए और आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे। एक साथ बड़ी संख्या में बच्चों के पहुंचने से अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने तत्काल अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की और चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का इलाज शुरू कर दिया। इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सक डॉ. एस. रहमान ने बताया कि शाम करीब सात बजे कई बच्चों को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल लाया गया था। जांच के दौरान पता चला कि बच्चों ने खेल-खेल में बरगंडी फल के बीज अधिक मात्रा में खा लिए थे, जिसके कारण उनकी तबीयत खराब हुई।डॉ. रहमान ने बताया कि सभी बच्चों को आवश्यक उपचार दिया गया। समय पर इलाज मिलने से उनकी स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और अब सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य पूरी तरह सामान्य होने के बाद बच्चों को घर भेज दिया जाएगा। बीमार पड़े सभी बच्चों की उम्र 10 वर्ष से कम बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में चिंता का माहौल है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कई जंगली फल और उनके बीज स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं। आकर्षक दिखने के कारण बच्चे अक्सर इन्हें खा लेते हैं, जिससे विषाक्तता और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। विशेषज्ञों ने अभिभावकों से बच्चों पर विशेष निगरानी रखने और उन्हें अज्ञात फलों एवं बीजों के सेवन से बचाने की सलाह दी है। समय पर अस्पताल पहुंचाने और चिकित्सकों की तत्परता से इस मामले में बड़ा हादसा टल गया, लेकिन घटना ने एक बार फिर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

## मोहर्रम को लेकर वीरपुर थाना में शांति समिति की बैठक

**सुपौल, 19 जून (तरुणमित्र)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से वीरपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की।बैठक में मौजूद सीओ भाई वीरेंद्र ने कहा कि मुहर्रम के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा किसी भी प्रकार के धारदार हथियारों का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारे और शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की। साथ ही अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने का आग्रह किया।थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने बताया कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। पुलिस गश्ती दलों के साथ डायल 112 की टीम भी लगातार सक्रिय रहेगी। उन्होंने कहा कि 26 और 27 जून को निर्धारित समय के अनुसार ही ताजिया जुलूस निकाले जाएंगे और ताजिया समितियों को नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त करना होगा।बैठक में नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। नौला पिकेट प्रभारी अखिलेश कुमार ने कहा कि शांति भंग करने वाले तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में बरैनी उपप्रमुख रूपम कुमारी, पूर्व जिला पार्षद सुल्ताना बेगम, विपिन पासवान, मुखिया दीपक कुमार, राजीव कुमार, पूर्व मुखिया रामप्रवेश सिंह, सुखराम महतो, जयजयराम सहनी, सरपंच सच्चिदानंद झा, शंभू पासवान और अरुण प्रसाद सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बाल विवाह उन्मुखीकरण कार्यक्रम के साथ सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन

**सुपौल, 19 जून (तरुणमित्र)।** महिला एवं बाल विकास निगम सुपौल के तत्वाधान में संकल्प जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बाल विवाह मुक्त पंचायत के निर्माण हेतु बिहार सरकार भवन बसबिट्टी में बाल विवाह उन्मुखीकरण कार्यक्रम के साथ सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन मुखिया नीलम देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।जिला हब फार इम्पावरमेंट आफ वीमेन के जिला मिशन समन्वयक हरिनारायण कुमार ने बताया कि,आज हम सभी यहाँ एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय ₹बाल विवाह मुक्त पंचायत₹ के निर्माण हेतु एकत्रित हुए हैं। बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं है, बल्कि यह बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के अधिकारों का हनन भी है।

भारत में बाल विवाह निषेध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार लड़कियों की विवाह योग्य आयु 18 वर्ष तथा लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। इससे कम आयु में विवाह कराना कानूनन अपराध है।बाल विवाह के कारण लड़कियों की शिक्षा बाधित हो जाती है।मातृ एवं शिशु मृत्यु दर बढ़ती है।कुपोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।

घरेलू हिंसा और आर्थिक निर्भरता की संभावना बढ़ जाती है। लैंगिक विशेषज्ञ नितु कुमारी के द्वारा महिला पुरुष में लिंग के आधार पर भेद भाव बिषय पर चर्चा किया गया। साथ में बाल विवाह निषेध हेतु बताया गया कि, आप सभी जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है कि अपने पंचायत क्षेत्र में कोई भी बाल विवाह न होने दें।

## ठकुराई टोला में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

### साहिल इलेवन ने दर्ज की जीत

**सुगौली, 19 जून (तरुणमित्र)।** नगर पंचायत क्षेत्र के ठकुराई टोला में युवा संगठन के तत्वावधान में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ गुरुवार की रात 9 बजे किया गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

टूर्नामेंट का उद्घाटन निभा हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. हिमांशु सिंह एवं युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष असहाबुल होदा अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की।अपने संबोधन में डॉ. हिमांशु सिंह ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल में अनुशासन, नियमों का पालन तथा आपसी भाईचारा सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कई वर्षों से लगातार नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन कर रहे युवा संगठन के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।



वहीं असहाबुल होदा अंसारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन करने और खेल भावना बनाए रखने की अपील की।

टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में साहिल इलेवन और सरकार इलेवन के बीच रोमांचक मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साहिल इलेवन की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 74 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरकार इलेवन की टीम साहिल इलेवन के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 12 ओवर में मात्र 38 रन ही बना सकी। इस प्रकार साहिल इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट के पहले मैच में जीत दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान युवा संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद एहराम, उपाध्यक्ष मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद आसिफ, अरशद, अकबर, बरकतुल्लाह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**हरसिद्धि, 19 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के जैल मुरारपुर गांव में शुक्रवार के सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका पाया गया। उद्भाटन की सूचना प्राप्त होते हीं पुलिस और एफएसएल टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी ।मौजूद ग्रामीणों में सनसनी और शोक की लहर दौड़ गई । मृतक की पहचान कोटवा थाना अंतर्गत फतुहा गांव निवासी शिव कुमार राम के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि शिव कुमार का उसी गांव की एक युवती के साथ कथित प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस संबंध को लेकर पहले भी विवाद हुआ था और पंचायत भी बुलाई गई थी। विवाद के बाद परिजनों ने उसे मजदूरी के लिए दूसरे राज्य भेजा था, पर कुछ दिनों बाद वह वापस लौट आया था। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का मोबाइल बरामद किया। मोबाइल की प्रारंभिक जांच में एक ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली है।

## नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा-2026 को जिला में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाएगा- जिला प्रशासन

**मोतिहारी, 19 जून (तरुणमित्र)।** अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग,बिहार, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिंहा की अध्यक्षता में पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग संपन्न हुई जिसमें बताया गया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश पुनर्परीक्षा (नीट यूजी )-2026 का आयोजन आगामी 21 जून को होगा। पूर्वी चंपारण जिला में इस परीक्षा को संपन्न कराने के लिए कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां पर 6320 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा 2:00 बजे अपराह्न से 5:15 बजे अपराह्न तक एक पाली में आयोजित की जाएगी। संयुक्त ब्रीफिंग में इस महत्वपूर्ण परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्ति सभी मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षकों को सभी जरूरी निर्देश दिया गया।

निर्देश दिया गया कि सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी एवं जैमर की व्यवस्था करा लें। केंद्र अधीक्षक परीक्षा केंद्रों के सभी कक्ष में घड़ी की व्यवस्था रखेंगे और समय का मिलान कर लेंगे। सभी परीक्षा केंद्र पर बिजली की समुचित व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें। परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल को निर्देश दिया गया कि 9:00 बजे पूर्वाह्न में एलॉटेड परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का प्रवेश 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक कराया जाएगा। 01:30 बजे अपराह्न के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों का दो लेयर में फ्रीस्किंग का निर्देश दिया गया।पहला मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश के समय एवं दूसरा राष्ट्रीय पात्रता एजेंसी के प्राधिकृत पदाधिकारी के स्तर से परीक्षा केंद्र के अंदर फ्रीस्किंग कराई जाएगी। फ्रीस्किंग के बाद सभी परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक लिया जाएगा इसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति रहेगी। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के साथ अपना दो फोटोग्राफ भी साथ लेकर आएंगे।

## पीएम श्री विद्यालय समाज-राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में मददगार : एसएसए

**मोतिहारी, 19 जून (तरुणमित्र)।** शुक्रवार को शिक्षा भवन अवस्थित सभाकक्ष, मोतिहारी में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण प्रह्लाद प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में पी एम श्री विद्यालय योजना की समीक्षा सह उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एस एस ए ने कहा कि प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पी एम श्री) योजना नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है। ये विद्यालय केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि समग्र विकास, कौशल, मूल्यों और 21वीं सदी की दक्षताओं पर केंद्रित होंगे। पी एम श्री विद्यालय समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में मददगार बनेंगे।

उन्होंने जानकारी दी कि जिले में चयनित पी एम श्री विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, आईसीटी लैब, अटल टिंकरिंग लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल अवसंरचना और व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। शिक्षकों के क्षमता संवर्धन हेतु नियमित प्रशिक्षण तथा समुदाय की सहभागिता पर विशेष बल दिया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि निर्माण एवं उन्नयन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा में पूर्ण करें। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावकों को सक्रिय रूप से जोड़कर विद्यालय को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करें। बैठक में जिला कार्यक्रम संभाग प्रभारी दिलीप कुमार , रमेश कुमार ,राजीव कुमार सिंह,कमलेश कुमार सिंह ,सभी चयनित पी एम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## बेगूसराय में विवाहिता के साथ दरिंदों ने दोहराया निर्भया कांड जैसी घटना

### सदर अस्पताल पहुंचे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अवर न्यायाधीश

**बेगूसराय, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिले के चकिया थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दरिंदों ने निर्भया कांड जैसी घटना को दुहरा दिया। हालांकि पीड़िता द्वारा स्थानीय थाने को दी गई सूचना के बावजूद लापरवाह पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल बर्खास्त करना चाहिए। इस तरह की घटनाओं को पुलिस द्वारा अक्सर मजाक बना दिया गया है।

यही घटना अगर उसी पुलिस पदाधिकारियों के रिश्तेदारों के साथ घटती तो शायद उसके घर और परिवारों में भी मातम की जगह मजाक बनता होता। एक तरफ जहां पूरा बेगूसराय के जिलेवासियों में आक्रोश है तो दूसरी तरफ पुलिस कार्रवाई के नाम पर अंधेरे में तीर चला रही है। घटना की खबर से हुए मर्माहत शुक्रवार को गैंगरेप पीड़िता से मिलने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कवर सचिव करूणानिधि प्रसाद आर्य सदर अस्पताल पहुंचे। वहां उनके परिजनों से मिले और घटना की जानकारी ली।

सदर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार एवं सहायक चिकित्सा पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने महिला के इलाज में दी जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव करुणानिधि प्रसाद आर्य को दी। उन्होंने कहा कि पीड़िता जैसे ही सदर अस्पताल पहुची उनके इलाज की समुचित व्यवस्था की गई है। आगे भी उन्हें रिहैबिलिटेशन में जो भी इलाज की मदद होगी, सदर अस्पताल के द्वारा दी जाएगी।

घटना के अनुसंधान कर्ता एवं नगर थानाअध्यक्ष सतीश कुमार हिमांशु को केस से संबंधित आवश्यक दिशा एवं निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव करुणानिधि प्रसाद आर्य के द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी कार्रवाई पूरी करते हुए इंटिरिम रिलीफ के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पास भेज दिया जाएगा। ताकि इस महिला को जल्द से जल्द मुआवजे की राशि दी जा सके।उन्होंने इस घटना की निंदा की और कहा कि इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले लोगों के साथ कानून में सख्त सजा का प्रावधान है उसे सजा मिलेगी।

### गैंगरेप घटना को लेकर लोगों में आक्रोश

जिले में दरिंदो ने गैंगरेप के बाद एक महिला के प्राइवेट पार्ट में बुलेट और लकड़ी का टुकड़ा डालने जैसा घृणित अपराध को अंजाम दिया है। 11 जून को चकिया थाना क्षेत्र में घटी इस घटना से जहाँ लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहे हैं, वही घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों के अनुसार, चकिया थाना की पुलिस को शिकायत करने पहुंची पीड़िता को डांट-डपट कर भगा देने का आरोप है। इतना ही नहीं आरोपी द्वारा तीन महीना पहले भी महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया किया था। लेकिन, उस वक्त भी पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। इस मामले में पुलिस के वरीय अधिकारियो ने जांच में दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ कारवाई का भरोसा दिया है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की बात बतायी जा रही है।

## चकिया सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाकपा माले ने किया प्रदर्शन

**बेगूसराय, 19 जून (तरुणमित्र)।** चकिया थाना क्षेत्र में कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना के विरोध में भाकपा माले ने शुक्रवार को कमलेश्वरी भवन से प्रतिरोध मार्च निकालकर समाहरणालय गेट के समीप प्रदर्शन किया। इस मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ नारेबाजी कर उनका पुतला दहन कर विरोध जताया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी, स्पीडी ट्रायल के माध्यम से कठोर सजा तथा पीड़िता एवं उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़िता द्वारा पूर्व में शिकायत किए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। भाकपा माले ने चकिया थानाध्यक्ष पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की भी मांग की। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।




प्रदर्शन में किसान महासभा के जिलाध्यक्ष नवल किशोर, राजेश श्रीवास्तव, अजय कुमार, सोनू फर्नांडिस, संजय ठाकुर, विशाल कुमार, कन्हैयालाल साह, बबलू ठाकुर, मो. जमीर, राजीव कुमार, रितेश ठाकुर और गजेंद्र पंडित सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नशा गुलामी की सबसे बड़ी जंजीर : डॉ अमन

**सुपौल, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिला मुख्यालय स्थित बीबीसी. कॉलेज सभागार में शुक्रवार को नशा मुक्त बिहार अभियान को गति प्रदान करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। तत्पश्चात उपस्थित जनों ने धार्मिक स्थलों को साक्षी मानकर नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए लोरिक विचार मंच के प्रदेश संयोजक डॉ. अमन कुमार ने कहा कि नशा गुलामी की सबसे बड़ी जंजीर है, इसे तोड़ना ही असली आजादी है। नशा गरीब का सबसे बड़ा दुश्मन है। ये पहले जेब खाली करता है, फिर घर खाली करा देता है।उन्होंने चिंता जताई कि देश के करोड़ों युवा आज नशे के शिकार हैं। जिनको देश की उन्नति में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए, वो आज अपनी अनमोल शारीरिक और मानसिक ऊर्जा चोरी, लूटपाट, हत्या, घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों में नष्ट कर रहे हैं। नशा किसी भी प्रकार का हो, उससे शरीर को भारी नुकसान होता है। नशा एक अभिशाप और सामाजिक बुराई है। इससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले नष्ट हो जाता है। डॉ. अमन ने कहा कि समाज में पनप रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों का एक बड़ा कारण नशा भी है। नशा नाश की जड़ है। व्यक्ति नशे के लिए शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तंबाकू, चरस, स्मैक, कोकीन, ब्राउन शुगर, सिगरेट जैसे घातक पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, आर्थिक और मानसिक हानि पहुंचने के साथ-साथ सामाजिक माहौल भी बिगड़ता है। ओजस्वी अंदाज में उन्होंने युवाओं से पूछा नशेड़ी युवा देश का बोझ है, नशा मुक्त युवा देश की सेना है। तय करिए बोझ बनना है या सेना? उन्होंने आगे कहा यदि आप नशा का सेवन करते हैं और मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा या चर्च नहीं जाते तो फिर घर कैसे जाते हो? जहां आपको जन्म देने वाली मां, प्यार करने वाली बहन, सम्मान देने वाली पत्नी, साथ निभाने वाला भाई और सहारा देने वाला पिता रहते हैं। घर भी तो एक मंदिर है। जिंदगी चुनिए, नशा नहीं।

### जिंदगी चुनिए, नशा नहीं




जिस दिन हर युवा के हाथ में किताब होगी, शराब की बोतल नहीं, उसी दिन असली इंकलाब आएगा। 'नशा मुक्त भारत जिंदाबाद' के नारे को सरजमीं पर उतारने की आवश्यकता है। कार्यशाला में सुधीर मिश्र, रामनारायण साह, कमलेश्वरी यादव, गोपाल क्रांति, नरेश राम, जासो सादा, राजीव कुमार, सूरज कुमार, बबलू मंडल, बद्री मंडल, परमेश्वरी प्रसाद, मिथिलेश कुमार, धीरज कुमार, राजन कुमार, नूनूलाल शर्मा, गीता देवी, निर्मला देवी, शांति देवी आदि उपस्थित थे।

# नीट की पुनर्परीक्षाः कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा के लिए जिला प्रशासन तैयार

**बेगूसराय, 19 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी)-2026 की पुनर्परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, सुरक्षित एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर डीएम श्रीकांत शास्त्री ने समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा एवं ब्रीफिंग किया।

डीएम ने कहा कि नीट (यूजी) देश की सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक है। इसकी निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा कदाचार की संभावना को शून्य स्तर पर रखा जाए तथा सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता एवं जवाबदेही के साथ करें। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 08 परीक्षा केन्द्रों पर पुनर्परीक्षा आयोजित की जाएगी, जहां कुल 3,896 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, दंडाधिकारी, पुलिस बल, तकनीकी निगरानी व्यवस्था एवं प्रशासनिक नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक केन्द्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा उन्हें परीक्षा अवधि के दौरान सतत रूप से केंद्र परिसर में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर 2 मेगापिक्सेल क्षमता वाले हाई-रेजोल्यूशन आईपी आधारित लाइव सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के नियंत्रण कक्ष से भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त सभी केन्द्रों पर मोबाईल जैमर की व्यवस्था की गई है तथा मुख्य प्रवेश द्वार एवं परीक्षार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया की अनिवार्य वीडियोग्राफी कराई



जाएगी। परीक्षा संचालन से जुड़े किसी भी कर्मी को मोबाईल फोन अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करना होगा। आधी बांह के साधारण वस्त्र तथा चप्पल अथवा सैंडल पहनकर आने की सलाह दी गई है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आवश्यक निषेधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों के 500 मीटर के दायरे में अनावश्यक भीड़, जमावड़ा एवं संदिग्ध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

साथ ही परीक्षा अवधि के दौरान केन्द्रों के आसपास संचालित फोटोकॉपी एवं साइबर कैफे प्रतिष्ठानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि परीक्षा में कदाचार, प्रश्नपत्र की गोपनीयता भंग करने, अवैध साधनों के प्रयोग अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सरकारी परीक्षा (कदाचार निवारण) अधिनियम, 2024 के प्रावधानों के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार प्राथमिकी दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को परीक्षा की पवित्रता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए शून्य सहिष्णुता की नीति का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित बाइक पलटी दो घायल

**कोचस (रोहतास), 19 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोचस मोहनिया रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर एक बाइक अनियंत्रित हो शुक्रवार को पलट गई जिसमें एक वृद्ध समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलो की पहचान लालन शाह उम्र 65 वर्ष तथा 30 वर्षीय विकाश गुप्ता के रूप मे हुई है, दोनो घायल कैमूर कुदरा के बताए जाते है.घटना के बारे में बताया जाता है कि बाइक सवार दोनों अपने गांव कुदरा से कोचस की तरफ आ रहे थे तभी कोचस मोहनिया रोड स्थित बाइक अनियंत्रित हो पलट गई जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगों की पहल से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर अविनाश कुमार ने एक की पैर में गंभीर चोट तथा वृद्धि के सर में गंभीर चोट आने की बात कह बेहतर उपचार के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

### एक ही घर से दो किशोरियां लापता, थाने में प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा रोहतास, 19 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से एक ही परिवार की दो किशोरियों के एक साथ लापता होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर परिजनों में चिंता का माहौल है। पीड़ित पिता के आवेदन पर दिनारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित पिता द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि रात में परिवार के सभी सदस्य भोजन के बाद सो गए थे। देर रात करीब 12 बजे उनकी नींद खुली तो देखा कि दोनों लड़कियां घर में नहीं थीं तथा घर का दरवाजा भी खुला हुआ था। इसके बाद परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदारों एवं संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिल सका। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि लापता लड़कियों में से एक पूर्व में भी अपने कथित प्रेमी के साथ घर से चली गई थी। उस संबंध में पटना के शास्त्री नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बाद में पुलिस ने उसे बरामद कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जहां से न्यायालय के आदेश के बाद उसे परिजनों के साथ घर भेज दिया गया था।पीड़ित पिता ने आशंका व्यक्त की है कि इस बार भी उक्त युवती उसी युवक के साथ गई होगी तथा दूसरी लड़की भी उसके साथ चली गई है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोनों किशोरियों की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा मामले की गहन छानबीन जारी है।

# तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम सम्पन्न




**सासाराम, 19 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद ,नई दिल्ली के दिशानिर्देश के आलोक में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के तत्वावधान में तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम आज सम्पन्न हो गया। चिकित्सा के क्षेत्र में नित्य हो रहे नवीनतम अनुसंधान की दृष्टिकोण से छात्रों को शिक्षा प्रदान करने हेतु शिक्षकों को मेडिकल एजुकेशन यूनिट के माध्यम से प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है ।

इस प्रशिक्षण में नारायण मेडिकल कॉलेज के 25 शिक्षक एवं लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज, झारखंड के 5 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में नारायण मेडिकल कॉलेज की ओर से मेडिकल एजुकेशन विभाग के समन्वयक एवं शल्य चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ मनीष कुमार उपस्थित रहे जबकि राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद के प्रतिनिधि के रूप में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के डॉक्टर एस के पांडेय ने समन्वयक की भूमिका निभाई। 17 जून से 19 जून तक चले इस बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम में शिक्षकों ने विभिन्न विषयों पर अपने प्रस्तुति दी तथा आने वाले समय में छात्रों के कोर्स में जो बदलाव हुए हैं उसे संबंधित विस्तृत चर्चा हुई। आज शाम इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह ,चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विनोद शंकर सिंह ,सहायक कुल सचिव अजय कुमार सिंह, कार्यालय सहायक अमित कुमार ,राकेश कुमार, रविंद्र कुमार ,प्रदीप कुमार आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## विधायक ने रेल मंत्री को सौंपा मांग-पत्र, छपरा से पटना ट्रेन चलाने की मांग

**सारण, 19 जून (तरुणमित्र)।** छपरा-दिल्ली नई रेल सेवा के शुभारंभ पर छपरा विधायक छोटी कुमारी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक मांग-पत्र सौंपा। विधायक ने छपरा से पटना पाटलिपुत्र के बीच कार्यालय समय में यात्रियों के लिए एक जोड़ी नियमित ट्रेन चलाने की मांग उठाई।उन्होंने बताया कि छपरा प्रमंडलीय मुख्यालय होने के कारण छपरा, सिवान और गोपालगंज के लाखों लोग प्रतिदिन पटना आते-जाते हैं।इसके अलावा, मांग-पत्र में सोनपुरझ्छपराझ्हरिद्वार सीधी रेल सेवा, छपराझ्बेंगलुरु ट्रेन को पुनः शुरू करने और छपरा जंक्शन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर आधुनिक दो-तल्ला प्रतीक्षालय बनाने की मांग की गई।विधायक ने छपरा ग्रामीण स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव बहाल करने, छपरा कचहरी को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित करने, श्यामचक आरओबी एक्सटेंशन तथा सारण अकादमी, जगदम कॉलेज एवं गरखा ढाला के समीप अंडरपास या फ्लाईओवर निर्माण की आवश्यकता जताई।

# सफल डीलर मीट का हुआ आयोजन

**कोचस (रोहतास), 19 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित वैष्णो वाटिका में आईपीएल बायोलॉजिकल्स लिमिटेड द्वारा किसान सेवा केंद्र, कोचस के तत्वावधान में एक सफल डीलर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 30 से अधिक डीलरों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बिक्रमगंज के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रविन्द्र कुमार जलज एवं एरिया मैनेजर सुशील निषाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिया रंजन (एफएमएम) एवं अजय सिंह (एमडीओ) ने किया।इस अवसर पर जोनल मैनेजर डॉ. अनिल बाथम ने कंपनी का परिचय, उसकी उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य जैविक कृषि को बढ़ावा देना तथा किसानों के बीच जागरूकता फैलाना है।तकनीकी सत्र में राहुल कुमार (एएफएमएम, बिहार) ने फसल प्रबंधन एवं आगामी धान फसल के लिए जैविक उत्पादों की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने कहा कि जैविक उत्पादों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, उत्पादन लागत घटती है तथा बेहतर उपज प्राप्त होती है।मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रविन्द्र कुमार जलज ने खेत बचाओ अभियान विषय पर विशेष व्याख्यान देते हुए किसानों से रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग को कम करने तथा जैविक एवं जैव-उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के असंतुलित एवं लगातार उपयोग से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके विपरीत जैविक उत्पाद मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने, पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।बैठक के दौरान कंपनी की विभिन्न योजनाओं, उत्पादों एवं बाजार विस्तार की रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डीलर मनिष कुमार ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए।

## फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन हड़पने की साजिश का आरोप, पांच पर प्राथमिकी

**दिनारा रोहतास, 19 जून (तरुणमित्र)।** नटवार थाना क्षेत्र के जमोढ़ी गांव में कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने की नीयत से रुपये के लेन-देन का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर नटवार थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष रंजय कुमार ने बताया कि जमोढ़ी गांव निवासी स्व. विजय प्रसाद सिन्हा के पुत्र अवकाश कुमार सिन्हा द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर हरि नारायण सिंह समेत पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।दर्ज प्राथमिकी में वादी ने आरोप लगाया है कि नामजद आरोपितों ने फर्जी कागजात तैयार कर अवैध रूप से जमीन पर दावा करने तथा रुपये के लेन-देन के माध्यम से उसकी संपत्ति हड़पने का प्रयास किया है। मामले को लेकर पीड़ित ने कानूनी कार्रवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा जांच के उपरांत आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।भूमि विवाद से जुड़े इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, जबकि पुलिस तथ्यों के सत्यापन और दस्तावेजों की जांच में जुटी हुई है।गहने साफ करने के नाम पर ठगी, सात लाख रुपये के आभूषण लेकर फरार,कंपनी प्रचारक बनकर पहुंचे दो युवक, महिलाओं को झांसे में लेकर दिया घटना को अंजाम नोखा थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर में ठगी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कंपनी के प्रचार के नाम पर घर पहुंचे दो युवकों ने पहले बर्तनों की सफाई का प्रदर्शन किया और फिर गहनों की सफाई का झांसा देकर करीब सात लाख रुपये मूल्य के आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है। पीड़ित परिवार द्वारा काफी खोजबीन के बाद जब आरोपितों का कोई पता नहीं चला तो नोखा थाना में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वोदय नगर निवासी अजय कुमार के घर दो युवक किसी कंपनी के प्रचारक बनकर पहुंचे। उन्होंने घर के बर्तनों को साफ कर अपनी बातों पर परिवार का विश्वास जीत लिया। इसके बाद उन्होंने महिलाओं को बताया कि उनके पास ऐसा विशेष पाउडर है जिससे सोने-चांदी के आभूषण भी चमकदार हो जाते हैं।युवकों की बातों में आकर घर की महिलाओं ने अपने गहने सफाई के लिए उन्हें सौंप दिए। आरोप है कि सफाई की प्रक्रिया के दौरान दोनों युवकों ने चतुराई से परिवार को भ्रमित कर दिया और आंखों के सामने ही आभूषण लेकर मौके से फरार हो गए। जब परिवार के लोगों को ठगी का एहसास हुआ तब तक दोनों युवक वहां से निकल चुके थे।सीसीटीवी में कैद हुई गतिविधि, पुलिस जांच में जुटी पीड़ित अजय कुमार ने बताया कि घटना के बाद आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश की गई। जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि दोनों युवक पल्सर बाइक से स्टेशन रोड होते हुए बाजार समिति की ओर जाते देखे गए थे। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी उनकी गतिविधियां कैद होने की बात सामने आई है। परिवार के अनुसार गहनों की अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये है।

## आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर बिक्रमगंज पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में

**बिक्रमगंज / रोहतास, 19 जून (तरुणमित्र)।** क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की मजबूती तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर बिक्रमगंज पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है ।वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार को कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में नगर एवं आसपास के प्रमुख मार्गों पर व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान तेंदुनी चौक,थाना चौक,अनुमंडल कार्यालय मार्ग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने घंटों तक मोर्चा संभालते हुए वाहनों की सघन जांच की ।जांच के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजात,चालक की पहचान तथा वाहन में रखी वस्तुओं की गहन पड़ताल की गई।पुलिस की इस सक्रियता से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों के बीच भरोसा बढ़ा,वहीं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप की स्थिति देखी गई । अभियान का मुख्य उद्देश्य चोरी,लूट,छिनतई,अवैध कारोबार तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना बताया गया ।इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों को भी जागरूक करते हुए चोर-उच्चकों एवं साइबर ठगों से सतर्क रहने की सलाह दी । लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति,वाहन अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें,ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके ।कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध एवं अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है ।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र की शांति और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा ।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे, हथियार व गीतों पर रहेगा प्रतिबंध

**दिनारा रोहतास, 19 जून (तरुणमित्र)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को दिनारा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने की।

इस दौरान भानस थानाध्यक्ष विजय बैठा, बिजली विभाग के कनीय अभियंता विकास कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी प्रीति आर्या तथा कार्यपालक पदाधिकारी के सहायक मृत्युंजय कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दोनों समुदायों



के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं मोहर्रम अखाड़ा कमेटियों के सदस्यों ने भाग लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे, अनुशासन और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग एवं समय-सारिणी के अनुसार ही निकाला जाएगा। जुलूस के दौरान डीजे बजाने, तलवार अथवा अन्य हथियारों के प्रदर्शन तथा अश्लील एवं भड़काऊ गीतों के प्रसारण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छता पदाधिकारी प्रीति आर्या ने बताया कि मोहर्रम को लेकर जुलूस मार्गों, इमामबाड़ों एवं करबला स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक में अधिकारियों ने लोगों से सोशल मीडिया पर संयम बरतने, अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध अथवा आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। बैठक में मो. जमाल, भुट्ठ खान, जमीर मियां, साजिद हुसैन, मुस्ताक मियां, मो. सलाहुद्दीन, नथुनी सिंह, विंध्याचल केसरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**सासाराम, 19 जून (तरुणमित्र)।**बिहार हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में रोहतास जिला हैंडबॉल संघ के द्वारा जिला मुख्यालय सासाराम के ए बी आर फाउंडेशन स्कूल के खेल परिषर में स्व मालती कुंवर एवं सरोज स्मृति 11वीं बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन गुब्बारा उड़ा कर एवं खिलाड़ियों के द्वारा किए गए मार्च पास्ट के साथ किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए जिला हैंडबॉल संघ के सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम नेहा कुमारी, मंडल कारा अधीक्षक सुजीत कुमार राय, जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय मैं संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन गुब्बारा उड़कर किया साथ ही इस अवसर पर ए बी आर फाउंडेशन स्कूल, सासाराम के निदेशक पृथ्वीपाल सिंह ने भी खिलाड़ियों का अपने विद्यालय में राज्य के विभिन्न जिलों से आयी खिलाड़ियों का स्वागत किया और उनका हौसला




बढ़ाया। उद्घाटन समारोह में आगत अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए रोहतास जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार राय ने सभी का स्वागत किया तथा खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में पटना, दरभंगा सारण, गोपालगंज, नवादा,नालंदा,बेगूसराय,गयाजी, शेखपुरा, औरंगाबाद,पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, जहानाबाद, मुंगेर, बक्सर,कैमूर, वैशाली,सिवान और मेजबान रोहतास की टीमों के खिलाड़ियों से आगत अतिथियों ने मैदान में जाकर उनसे परिचय प्राप्त किया और उनका हौसला बढ़ाया। बिहार राज्य हैंडबॉल संग के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने प्रतियोगिता का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए राज्य संघ के छः तकनीकी पदाधिकारी अभिषेक कुमार, चंदन कुमार, इमरान आलम, संजीव कुमार,बबलू कुमार,आकाश कुमार ने प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उद्घाटन समारोह के बाद दो मैच जिनमें खेले गए जिसमें नवादा ने शेखपुरा को 9-4 से पराजित किया जबकि दूसरे मैच में पटना ने नालंदा को 7-2 से पराजित कर अपना पहला मैच जीता।

तीसरा मैच सारण और औरंगाबाद के बीच खेला गया जिसमें सारण ने 12 -2 से पराजित कर अपनी जीत की शुरूआत की। अन्य मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे। सारण , गोपालगंज,पटना,बेतिया, मुंगेर, नवादा, बेगूसराय और औरंगाबाद की टीम क्वार्टर फाइनल में।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रातः कालीन सत्र में कई मैच खेले गए। सारण ने औरंगाबाद को 12-2 मुंगेर ने गया जी को 12-0, नवादा ने वैशाली को 16-1 पटना ने जहानाबाद को 10-01, दरभंगा को मोतिहारी ने 01-03 से गोपालगंज ने रोहतास को 03-01 शेखपुरा को बेतिया ने 5-9 से, नालंदा को बेगूसराय ने 1-5 से, सारण ने मोतिहारी को 9-04 से, नवादा ने बेतिया को 07-01,से पटना ने बेगूसराय को 03-01 से, दरभंगा ने औरंगाबाद को 01-01 बराबरी पर रोका। जबकि गोपालगंज ने गया जी को 6-0 से, शेखपुरा ने वैशाली को 05-00 से, नालंदा ने जहानाबाद को 02-01 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।जिनमें से प्रमुख रूप से सारण, गोपालगंज,पटना,बेतिया, मुंगेर, नवादा, बेगूसराय और औरंगाबाद की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

# धूमधाम से मनाया गया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन

**बेगूसराय, 19 जून (तरुणमित्र)।** प्रतिपक्ष के नेता, लोकसभा सांसद और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन शहर के पीपरा स्थित ओम चिल्ड्रन एकेडमी के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। सोशल मीडिया के जिलाध्यक्ष कुष्मेश कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्तमान भारतीय राजनीति के ध्रुवतारा और युवाओं के आईकान के रूप में दुनिया भर में अपनी राजनैतिक और सामाजिक छवि से देश की प्रगति की सोच रखने वाले राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस के नेताओं में खासा उत्साह दिखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुष्मेश ने कहा कि आजादी के बाद आधुनिक और प्रगतिशील भारत निर्माण में पंडित नेहरू के योगदान की चर्चा दुनिया भर में होती है। पर आज नेहरू जी के सपनों का भारत का खाका अगर किसी व्यक्ति के पास है तो वो सिर्फ राहुल गांधी जी में है। अपनी भारत जोड़ो यात्रा



और प्रगतिशील विचारों से राहुल की छवि दुनिया में सबसे बड़े स्टेट्समैन के रूप में की जाती है। हम सब उनके उत्तम स्वास्थ और दीघार्यु जीवन की कामना करते हैं।

हम सब की कामना है कि राहुल देश के प्रधानमंत्री बने और भारत को प्रगति के नये मुकाम पर ले जाएं। वक्ताओं में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष संजय सिंह, सावर कुमार, मोहित सिंह, राम पदारथ यादव आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान संजय कुमार सिंह, राजकुमार राय, अधिवक्ता राम पदारथ यादव, नारायण सिंह, पुष्कर गौतम, चौधरी महतो, मो रहमत, देव कुमार, रंजीत कुमार अंशुमली, केशव कुमार सिंह, शिव कुमार कुमार पंडित, कुष्मेश कुमार शांडिल्य, नंद किशोर शर्मा, एकनाथ पाठक, विमल झा, रामभरोश कुमार, राजेश कुमार, आदित्य कुमार, आर्यन राज, गौतम गुप्ता, राजन सोनी, जय प्रकाश गुप्ता, सोशल मीडिया प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित सिंह, कुमार रत्नेश टुल्लू, सुजीत कुमार, अशोक यादव, गंगा राम सिंह, कृष्णनंदन भगत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# मध्यस्थता की अनूठी पहल: बरसों से अलग रह रहे दंपति को फिर से मिलाया



**संत कबीर नगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों से एक परिवार को बिखरने से बचा लिया गया। जिला विधिक साक्षरता प्राधिकरण के अध्यक्ष रणधीर सिंह के निर्देशन और सचिव सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एक लंबे समय से अलग रह रहे पति-पत्नी के बीच सुलह कराकर उन्हें फिर से एक साथ खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। बिहार राज्य निवासी सुनील कुमार राव और इसी जनपद संत कबीर नगर निवासी उनकी पत्नी रीमा देवी के बीच वैचारिक मतभेद और अविश्वास के चलते काफी समय से अनबन चल रही थी।

विवाद इतना बढ़ गया था कि मामला मध्यस्थता केंद्र तक पहुँच गया।विवाद के समाधान के लिए अधिवक्ता मध्यस्थ नसरीन खान को नामित किया गया। मध्यस्थ नसरीन खान ने धैर्यपूर्वक दोनों पक्षों की बात सुनी और उन्हें पारिवारिक जीवन के महत्व को समझाते हुए आपसी सुलह के लिए प्रेरित किया। मध्यस्थ के निरंतर प्रयासों के बाद, दोनों पति-पत्नी अपने मतभेदों को भुलाने और अपने दो नाबालिग बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए साथ रहने को राजी हो गए। ह्यसुलह की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब पति-पत्नी ने दोबारा साथ रहने की कसम खाई, तो वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें भर आईं। मध्यस्थ नसरीन खान ने दंपति को साथ-साथ रहते हुए एक खुशहाल जीवन जीने का शुभकामना दिया।

विदित हो को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संत कबीर नगर के अंतर्गत मध्यस्थता एवं सुला समझौता केंद्र का संचालन होता है जिसमें हर तरह के पारिवारिक विवादों का समाधान आपसी सुलह समझौता के माध्यम से किया जाता है।

## स्वस्थ पुलिस –सुरक्षित समाज के संकल्प के साथ मनाया योग सप्ताह

**संत कबीर नगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* के कुशल निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अवसर पर थाना महुली परिसर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास किया गया। योग सत्र में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कर शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक एकाग्रता एवं सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया गया।

थानाध्यक्ष महुली द्वारा पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा निरंतर चुनौतियों, तनाव एवं जिम्मेदारियों से जुड़ी हुई है। ऐसे में योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मअनुशासन, मानसिक संतुलन एवं आंतरिक शक्ति का माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से पुलिस कर्मी अधिक ऊर्जावान, स्वस्थ एवं कार्यकुशल बनते हैं, जिससे जनता को बेहतर सेवा प्रदान की जा सकती है।

योगाभ्यास के दौरान सभी पुलिस कर्मियों ने प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज के लोगों को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। थाना महुली पुलिस द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक सोच ही सफल एवं सुखी जीवन की आधारशिला है।

# बांसी में 110 फीट ऊंचे ध्वजदंड पर तिरंगा फहराने की मांग तेज, समाजसेवी अमय पांडेय ने उठाया बीड़ा



**बांसी, सिद्धार्थनगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** नगर पालिका परिषद बांसी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क, राप्ती पुल के समीप स्थित 110 फीट ऊंचे ध्वजदंड पर राष्ट्रीय ध्वज को पुनः ससम्मान स्थापित करने की मांग जोर पकड़ रही है। युवा समाजसेवी अमय पांडेय ने इस मुद्दे पर पहल करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।अमय पांडेय ने शुक्रवारको उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय को प्रार्थना पत्र सौंपकर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर से आवश्यक अनुमति एवं प्रशासनिक सहयोग दिलाने का आग्रह किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज नगरवासियों की भावनाओं से जुड़ा है और लंबे समय से ध्वज न फहराए जाने से लोगों में निराशा है प्रार्थना पत्र में उल्लेख है कि वर्ष 2022 में उक्त ध्वजदंड पर तत्कालीन जिलाधिकारी दीपक मीणा, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भव्य ध्वजारोहण किया गया था। विशाल तिरंगा बांसी नगर की पहचान और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन गया था। बाद में ध्वज क्षतिग्रस्त होने के कारण उतार लिया गया, लेकिन अब तक नया ध्वज नहीं लगाया गया। अमय पांडेय ने कहा, ₹राष्ट्रीय ध्वज केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और अस्मिता का सर्वोच्च प्रतीक है।₹ उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि तिरंगे को शीघ्र पुनः स्थापित किया जाए। साथ ही कहा कि यदि नगर पालिका या संबंधित विभाग किसी कारणवश ध्वज फहराने में असमर्थ है, तो वे नगर के प्रबुद्ध नागरिकों, व्यापारी वर्ग, युवा संगठनों, माताओं-बहनों के सहयोग से अपने व्यक्तिगत व्यय पर ध्वज फहराने को तैयार हैं। इसके लिए प्रशासन से केवल अनुमति चाहिए। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, डॉ. अनूप अग्रहरि, समाजसेवी उद्धव प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि राष्ट्र गौरव का यह प्रतीक बांसी में पुनः पूरी शान से लहरा सके। नगरवासियों को उम्मीद है कि समाजसेवी अमय पांडेय द्वारा उठाई गई इस मांग पर जिला प्रशासन जल्द संज्ञान लेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लेखपाल प्रभात सैनी बने सिद्धार्थनगर के नए प्रदेश सह–मीडिया प्रभारी पूर्वी जोन

**सिद्धार्थनगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रांतीय नेतृत्व द्वारा संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाने के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में सिद्धार्थनगर जनपद में कार्यरत लेखपाल प्रभात सैनी को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी (पूर्वी जोन) नियुक्त किया गया है। यह आदेश उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रदेश महामंत्री राहुल पटेल द्वारा दिनांक 18 जून 2026 को जारी कार्यालय ज्ञाप के माध्यम से दिया गया। संघ के पत्र के अनुसार, मीडिया के माध्यम से संघ के कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु इन नियुक्तियों को हरी झंडी दी गई है प्रभात सैनी (निवासीः इंद्रानगर, तेतरी बाजार, सिद्धार्थनगर) की इस नियुक्ति पर जिले के समस्त लेखपाल साथियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। वहीं प्रभात सैनी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह संघ की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### त्वरित आर्थिक विकास योजना 2025-26 के तहत इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**विशुनपुरा, कुशीनगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** विकास खण्ड विशुनपुरा के ग्राम सभा एकवनहीं स्थित बेलाहवां टोला से लुकपुर सम्पर्क मार्ग पर इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। यह कार्य प्रदेश सरकार की त्वरित आर्थिक विकास योजना 2025-26 के अंतर्गत कराया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल रहे। उन्होंने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में सड़क, बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा गांवों की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। ग्रामीणों ने लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग की थी। शिलान्यास के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाएगा।इस परियोजना का निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, कुशीनगर द्वारा कराया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, ठेकेदार अजय लोहिया ग्राम प्रधान उगनी देवी भाजपा नेता श्रीकांत जायसवाल सिद्धार्थ कुशवाहा भाजपा नेता महेश रौनियार राधेश्याम गुप्ता प्रमोद कुमार गौतम सौरव जायसवाल महामंत्री विवेक पांडे जवाहर पाल डीके मौर्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चला मिशन शक्ति अभियान

**देवरिया, 19 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर परेड की सलामी ली और पुलिस बल की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई तथा अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल कराई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी-112 पीआरवी, मनोरंजन कक्ष, जिला मेस, स्टोर, आरओ प्लांट, आरटीसी मेस समेत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने यूपी-112 वाहनों में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट एड किट और अन्य संसाधनों की जांच कर नियमित साफ-सफाई एवं बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों और रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हें अद्यतन रखने पर जोर दिया। उधर, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व जागरूकता के लिए जिले भर में मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं शक्ति दीदी अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विभिन्न थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने सार्वजनिक स्थलों, अस्पतालों, पार्कों और बाजारों में पहुंचकर महिलाओं को जागरूक किया।रुद्रपुर, गौरीबाजार और कोतवाली क्षेत्र में टीमों ने पंपलेट वितरित कर महिलाओं को डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर हेल्पलाइन-1930 समेत अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की सलाह दी। अभियान के दौरान महिला सशक्तीकरण और सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

# सागवन की लकड़ी चोरी पर वन विभाग ने तीन पर की करवाई



**कुशीनगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** वन रेंज क्षेत्र खड्डा अंतर्गत ग्राम सभा बहोर छपरा में बिना परमिट कराए रातों-रात कश्तकार चंदा देवी के खेत से भारी मात्रा में सागौन का पेड़ काट कर अवैध लकड़ी चीड़ने वाले आरा मशीन के प्रांगण में छुपा देने का मामला प्रकाश में आया है बताते चले कि लगभग 15 से 20 वर्ष पूर्व 30 सागवन के पेड़ सहित योगेंद्र लाल श्रीवास्तव से चंदा देवी द्वारा रजिस्ट्री बैनामा लिया गया था जिस पेड़ को ग्राम के ही लोगों द्वारा अवैध तरीके से काटकर अवैध लकड़ी चीड़ने वाली आरा मशीन के प्रांगण में ले जाकर छिपा दिया गया सनद रहे की इसी माह के 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिकारियों की उपस्थिति में पौधे लगाए गए थे अभी यह अभियान 15 दिन बीता ही नहीं की लगाओ एक पेड़ मां के नाम के विपरीत लकड़ी माफियाओं द्वारा चलाई जा रही अभियान कटवाओ 10 पेड़ बाप के नाम के तहत धड़ल्ले से प्रतिबंधित पेड़ों की कटिन कर रहे है ऐसे में वन विभाग खड्डा सवालों के कटघरे में दिखाई दे रहा है कश्तकार चंदा देवी से पूछताछ करने पर बताई कि मेरे द्वारा संबंधित थाने को शिकायत पत्र देकर न्याय की मांग की गई थी जिसमें प्रभावशाली व्यक्तियों की प्रभाव से कारवाई सुन रही है जिसके कारण हमारे सागौन के पेड़ काट लिया गये जब वन विभाग खड्डा को सूचना दी गई तो मौके पर पहुंच वन दरोगा ने आरा मशीन के भीतर छुपाई गई सागौन की लकड़ी का माप तौल किया लेकिन अब तक वन विभाग की कार्रवाई भी शून्य ही दिख रही है इसके बारे में वन दरोगा रमेश गुप्ता से पूछने पर बताएं कि 49 बोटा नगद सागौन की लकड़ी पकड़ी गई थी जो कश्तकार को सुपुर्द कर कार्रवाई की गई है इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी खड्डा से फोन के माध्यम से संपर्क करने पर बताई की मामला संज्ञान में है जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# यात्रा पूरी कर घर लौटे इंजीनियर सनोज, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**तमकुहीराज/कुशीनगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** देशभर की लंबी पैदल यात्रा पूरी करने के बाद इंजीनियर सनोज कुशवाहा शुक्रवार को अपने पैतृक गांव धर्मपुर पर्वत पहुंचे। उनके गांव लौटने की सूचना मिलते ही इलाके के लोगों में उत्साह का माहौल बन गया। ग्रामीणों व युवाओं ने उनका जोरदार स्वागत कर यात्रा की उपलब्धि का सम्मान किया। सनोज कुशवाहा 23 अक्टूबर 2022 को भारत भ्रमण के उद्देश्य से पैदल यात्रा पर निकले थे। करीब तीन वर्ष, सात माह व 26 दिन तक उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों का भ्रमण किया। गांव वापसी पर उनका स्वागत किसी उत्सव से कम नहीं रहा। घर पहुंचने से पहले ही दुदही क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवा व ग्रामीण उनका स्वागत करने के लिए एकत्र हो गए। लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद डीजे की धुन व उत्साहपूर्ण माहौल के बीच स्वागत जुलूस निकाला गया, जो दुदही से धर्मपुर पर्वत तक पहुंचा। गांव पहुंचने पर परिजनों, शुभचिंतकों व क्षेत्रवासियों ने उनका अभिनंदन कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पूर्व प्रधान रामबिहारी राय, प्रधान प्रतिनिधि अमर हिंदुस्तानी, वीर बहादुर कुशवाहा, महंथ कुशवाहा, व्यास नारायण, प्रमोद कुशवाहा, अजय कुशवाहा, प्रेम प्रकाश यादव, मनोज कुशवाहा, इंद्रजीत कुशवाहा, रवींद्र कुशवाहा, संतोष शुक्ल, रामप्रीत प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# कौशल प्रशिक्षण से उद्यमिता विकास संगोष्ठी का आयोजन



**संत कबीर नगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चकदही में कौशल प्रशिक्षण से उद्यमिता विकास संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें आईटीआई एवं कौशल विकास के द्वारा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबंधक धीरेंद्र विक्रम सिंह द्वारा किया गया।

उद्योग विभाग से सहायक उपायुक्त सतीश द्वारा उद्यमिता विकास के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के बारे में भी चर्चा की गई तथा स्थानीय मांग अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने हेतु सुझाव दिया गया, कार्यक्रम में नोडल प्रधानाचार्य उदय नारायण जी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा स्वरोजगार हेतु प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर उदय नारायण जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, धीरेन्द्र विक्रम सिंह एम०आई०एस० प्रबंधक, प्रशांत कुमार मिश्र एम०आई०एस० प्रबंधक, मो० अख्तर जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं सभी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल करने के लिए किया प्रेरित



**संत कबीर नगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान (दिनांक 05 जून से 21 जून 2026 तक) के क्रम में विकास भवन स्थित डीपीआरसी हॉल/परिसर में आयोजित जनकल्याणकारी शिविर एवं विकास प्रदर्शनी के दूसरे दिन आज मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी द्वारा प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों एवं विभिन्न विभागों द्वारा जन सामान्य को लाभान्वित व जागरूक करने के दृष्टिगत विभागीय योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार के 12 वर्षों तथा राज्य सरकार के 09 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन कर शासन की विभिन्न योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करें तथा उनका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतिगत निर्णयों एवं उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करना है।आयोजित विकास प्रदर्शनी में आज संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश से नामित लोक कलाकार रीना यादव एवं इंद्रावती 'अन्नू' द्वारा लोकगायन के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया गया।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉ0 राकेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर सर्वेश कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी दीपचंद चौरसिया, प्रगतिशील किसान सुरेंद्र राय, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित सम्मानित किसान, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# डिजिटल संचार के क्षेत्र में सूचना विभाग की प्रभावी पहल

◆ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी सहजता से पहुंचेगी आमजन तक

**गाजीपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा डिजिटल संचार को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चौनल ह्लसूचना प्रवाह का शुभारंभ आज लोक भवन, लखनऊ में किया गया। चौनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर निमार्ता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सूचना प्रवाह उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों, जनहितकारी कार्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न पहलों से संबंधित प्रमाणिक, तथ्यपरक एवं त्वरित जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी।

इसके साथ ही विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियानों तथा महत्वपूर्ण आयोजनों का भी नियमित प्रसारण इस मंच पर किया जाएगा। इस अवसर पर सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। ऐसे में सूचना प्रवाह यूट्यूब चौनल सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की विश्वसनीय और प्रमाणिक जानकारी सरल, सहज एवं आकर्षक स्वरूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि विभाग समय के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सूचना प्रवाह के माध्यम से प्रदेश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा शासन की उपलब्धियों को अधिक व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुँचाया जाएगा, जिससे नागरिकों को सरकारी योजनाओं की सही एवं समयबद्ध जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर मैहर कबीरपुर में उमड़ी भीड़

**अयोध्या, 19 जून (तरुणमित्र)।** तारुन ब्लॉक के मैहर कबीरपुर स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर महाराणा प्रताप जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। प्रताप फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर यूपी बोर्ड 2026 परीक्षा में तारुन ब्लॉक के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉप-15-15 कुल 30 छात्र-छात्राओं को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। विधायक अभय सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष और स्वाभिमान की प्रेरणा देता है तथा युवाओं को उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए।

## प्राकृतिक खेती से बदलेगी भारत की तस्वीर : सूर्य प्रताप शाही

**देवरिया, 19 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा किसान मोर्चा और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कृषि प्रशिक्षण केंद्र बैतालपुर में आयोजित दो दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिन किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों और उसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्राकृतिक खेती भारत की कृषि व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस पद्धति से खेती की लागत लगभग शून्य हो सकती है और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की खेती को रसायनमुक्त बनाने का संकल्प लिया है, जिससे किसानों के साथ-साथ आम लोगों को भी शुद्ध और सुरक्षित खाद्यान्न उपलब्ध होगा। विशिष्ट अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने युवाओं से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे देश का भविष्य सुरक्षित और स्वस्थ बनेगा।भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि भोजन की थाली को रसायनों से मुक्त बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक होना होगा।

# लाखों की नाली निर्माण में भ्रष्टाचार की बू,घटिया ईंटों से हो रहा निर्माण, जिम्मेदार मौन



**पडरौना, कुशीनगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** पड़रौना ब्लॉक के ग्राम पंचायत जंगल बनबीरपुर में गांव से नहर तक लाखों रुपये की लागत से कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया गुणवत्ता की ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है।निमार्णाधीन नाली कई स्थानों पर शुरूआती दौर में ही क्षतिग्रस्त होने लगी है,जिससे कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार सरकारी धन से कराए जा रहे इस विकास कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। खराब गुणवत्ता की ईंटों से निर्माण कराए जाने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है,जिसमें निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मामले को लेकर जब खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पड़रौना कमलेश राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। शिकायत मिलने के बाद तत्काल इसकी जांच कराई जाएगी और मौके पर अधिकारियों को भेजकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। वहीं मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए गए हैं।

यदि जांच में घटिया सामग्री के प्रयोग या किसी भी प्रकार की अनियमितता की पुष्टि होती है तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 63 वाहनों का चालान

**देवरिया, 19 जून (तरुणमित्र)।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 63 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत गोरखपुर रोड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड और बस स्टैंड क्षेत्र में सघन जांच की गई। इस दौरान सड़क किनारे वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो चालकों, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों, तीन सवारी बैठाकर चलने वालों तथा वाहन पर स्टंट करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# मोहर्रम को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की हुई बैठक



**गाजीपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** मुहर्रम के त्यौहार को शान्तिपूर्वक, सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत ताजियादारो एवं ग्राम प्रधानों संग सेंटरल पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा की उपस्थिति में आडिटोरियम हाल में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने ताजियादारों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जनपद वासियों से त्यौहार को उत्साह, एकता, आपसी भाईचारे एवं जनपद की गंगा जमुनी तहजीब व शान्तिपूर्ण ढंग से मनाये जाने की अपील कीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कोई भी ताजियॉ 10 फीट से उपर न बनायी जाय। जुलूस में किसी प्रकार का अस्त्र सस्त्र का प्रदर्शन न किया जाय ऐसा करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से किसी भी तरह की भ्रामक अफवाह फैलाने एवं शान्ति भंग करने का प्रयास करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने त्यौहार पर व्यापक साफ-सफाई व्यवस्था ,पेयजल एवं विद्युत सप्लाई की निरंतर व्यवस्था का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि मुहर्रम जूलुस, ताजिये, परम्परागत मार्गो से निकाली जाये तथा कोई नई परम्परा की शुरूआत नही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने खराब सड़को को सही कराने, निर्बाध रूप से विद्युत सप्लाई, साफ-सफाई का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित ताजियादारों से उनके क्षेत्र की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित को सही कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा वेद सिंह चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ,उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी, अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# फुटबॉल प्रीमियर लीग 2026-27 का कार्यक्रम घोषित आर्सेनल और कोवेंट्री के बीच होगा उद्घाटन मुकाबला



**लंदन।** फुटबॉल प्रीमियर लीग 2026-27 सीजन के कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। मौजूदा चैंपियन आर्सेनल अपने खिताब बचाव अभियान की शुरूआत घरेलू मैदान पर नवप्रवेशी कोवेंट्री के खिलाफ करेगी। यह मुकाबला 21 अगस्त को खेला जाएगा और इसी के साथ नए सीजन का आगाज होगा। दूसरी ओर, मैनचेस्टर सिटी नए युग की शुरूआत करेगी।

पिछले दस वर्षों में पहली बार टीम पेप गार्डियोला के बिना मैदान पर उतरेगी और अपने पहले मैच में बोर्नमाउथ की मेजबानी करेगी। मैनचेस्टर यूनाइटेड को अपने शुरूआती मुकाबले में नवप्रवेशी हल सिटी के मैदान पर चुनौती का सामना करना होगा, जबकि लिवरपूल अपना पहला मैच न्यूकैसल के खिलाफ खेलेगा।

फुटबॉल प्रीमियर लीग प्रशासन ने इस बार सीजन को पिछले वर्ष की तुलना में एक सप्ताह बाद शुरू करने का निर्णय लिया है, ताकि फीफा विश्व कप के बाद खिलाड़ियों को पर्याप्त आराम और रिकवरी का समय मिल सके।

सीजन का अंतिम दौर 30 मई 2027 (रविवार) को खेला जाएगा, जो 5 जून 2027 को मैड्रिड में होने वाले यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल से छह दिन पहले समाप्त होगा।

इससे पहले नए सत्र का पारंपरिक उद्घाटन मुकाबला कम्युनिटी शील्ड के रूप में खेला जाएगा, जिसमें प्रीमियर लीग विजेता आर्सेनल और एफए कप विजेता मैनचेस्टर सिटी आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला 16 अगस्त को प्रिंसिपैलिटी स्टेडियम, कार्डिफ में होगा।

# अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में हर्षित राणा की वापसी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार (19 जून) को पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मुकाबले के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया है। हर्षित राणा पिछले कुछ समय से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे थे। अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है और वह चेन्नई में भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच 20 जून को चेन्नई में तीसरा और आखिरी वनडे खेला जाएगा।

24 वर्षीय हर्षित राणा इस साल टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैच के दौरान घुटने की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके बाद उन्हें टूनार्मेंट से बाहर होना पड़ा था। उनकी जगह टीम में मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया था। चोट के कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में भी हिस्सा नहीं ले सके और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मैदान पर नहीं उतर पाए। हालांकि लंबे पुनर्वास के बाद राणा को इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के साथ-साथ जापान में होने वाले एशियाई खेलों की संभावित योजनाओं में भी शामिल किया गया था।

अब उनकी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी चेन्नई वनडे से ही हो सकती है, यदि उन्हें अंतिम एकादश में मौका मिलता है। हर्षित राणा ने भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला टी-20 विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम वनडे में उन्होंने तीन विकेट लेने के साथ निचले क्रम में 43 गेंदों पर 52 रन भी बनाए थे।

अब तक खेले 14 वनडे मुकाबलों में वह 26 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। भारत फिलहाल तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाए हुए है। टीम ने धर्मशाला और लखनऊ में खेले गए पहले दो मुकाबले जीत लिए थे। श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला शनिवार (20 जून) को चेन्नई में खेला जाएगा।

## फीफा विश्व कप : नॉकआउट चरण में पहुंचने वाला पहला देश बना मेक्सिको, दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराया



**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 में मेजबान मेक्सिको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया और नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली।

मुकाबले का एकमात्र और निर्णायक गोल लुइस रोमो ने दूसरे हाफ में किया। यह गोल दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम स्युंग-ग्यु की बड़ी गलती के बाद आया। दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में मेक्सिको ने बढ़त बनाई, जब एक क्रॉस को पकड़ने के प्रयास में किम अपने ही साथी खिलाड़ी से टकरा गए और गेंद उनके हाथ से छूट गई। मौके का फायदा उठाते हुए रोमो ने बिना किसी गलती के गेंद को खाली गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। गोल खाने के बाद दक्षिण कोरिया ने वापसी की कोशिश की। हालांकि किम ने बाद में शानदार बचाव करते हुए राउल जिमेनेज को दूसरा गोल करने से रोक दिया। मुकाबले के अंतिम क्षणों में दक्षिण कोरिया को बराबरी का मौका मिला, लेकिन मेक्सिको के गोलकीपर राउल रांजेल ने यांग ह्युन-जुन के प्रयास को शानदार तरीके से रोककर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ मेक्सिको छह अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा और अगले दौर में पहुंच गया।

अब मेक्सिको अगले मुकाबले में बुधवार को एस्तादियो अज्टेका में चेकिया का सामना करेगा। वहीं दक्षिण कोरिया, जिसके तीन अंक हैं, अपने अगले मुकाबले में मॉन्टेरी में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

# डीडीसीए महिला टी-20 लीग में तनु चौहान का धमाकेदार प्रदर्शन, जड़े लगातार चार नाबाद शतक

**नई दिल्ली।** डीडीसीए महिला टी-20 लीग में एसबी यूथ क्रिकेट क्लब (महिला) की सलामी बल्लेबाज तनु चौहान ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। 23 वर्षीय बल्लेबाज ने लगातार चार मैचों में चार शतक जड़ते हुए अब तक टूर्नामेंट में एक बार भी अपना विकेट नहीं गंवाया है।

तनु चौहान ने अब तक खेली गई चार पारियों में कुल 492 रन बनाए हैं और सभी पारियों में नाबाद लौटते हुए अपनी टीम को प्रतियोगिता में मजबूत शुरूआत दिलाई है।

तनु ने अपने अभियान की शुरूआत एसेक्स फार्म्स (महिला) के खिलाफ 78 गेंदों



पर नाबाद 149 रन की विस्फोटक पारी से की। इसके बाद उन्होंने सिटी जिमखाना (महिला) के खिलाफ 76 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए। उनका शानदार फॉर्म यहीं नहीं रुका और तीसरे मुकाबले में रघुबीर विलोजर्स क्रिकेट क्लब (महिला) के खिलाफ 77 गेंदों पर नाबाद 124 रन की पारी खेली।

चौथे मैच में उन्होंने राजिंदर नगर कोल्ट्स क्रिकेट क्लब (महिला) के खिलाफ 75 गेंदों पर नाबाद 111 रन बनाकर लगातार चौथा शतक पूरा किया। अपनी टीम एसबी यूथ क्रिकेट क्लब (महिला) के लिए खेलते हुए तनु ने हर मैच में आक्रामक बल्लेबाजी और निरंतरता का शानदार उदाहरण पेश किया है। उनकी इन पारियों ने उन्हें मौजूदा सत्र की सबसे प्रभावशाली बल्लेबाजों में शामिल कर दिया है।

तनु चौहान की लगातार नाबाद शतकीय पारियांः 149* (78 गेंद) बनाम एसेक्स फार्म्स (महिला) 108* (76 गेंद) बनाम सिटी जिमखाना (महिला) 124* (77 गेंद) बनाम रघुबीर विलोजर्स क्रिकेट क्लब (महिला)

111* (75 गेंद) बनाम राजिंदर नगर कोल्ट्स क्रिकेट क्लब (महिला)

कुल प्रदर्शनः 492 रन। 4 पारियां। 4 शतक। एक बार भी आउट नहीं।



## एशियाई खेल टीम से बाहर होने पर मनिका बत्रा ने उठाए सवाल, चयन प्रक्रिया पर मांगी पारदर्शिता

**नई दिल्ली।** भारतीय टेबल टेनिस की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा ने 2026 एशियाई खेलों की भारतीय टीम से बाहर किए जाने पर चयन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) से मामले की जांच कर चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, जवाबदेह और निष्पक्ष बनाए जाने का आग्रह किया है।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) द्वारा घोषित टीम में पुरुष वर्ग की अगुवाई जी. साथीयन और महिला वर्ग की अगुवाई श्रीजा अकुला करेंगी। महिला टीम में श्रीजा अकुला, यशस्विनी घोरपड़े, दीया चितले, सुतीर्था मुखर्जी और सिंड्रेला दास को शामिल किया गया है। मनिका बत्रा को रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में रखा गया है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में मनिका ने कहा कि टीम में शामिल नहीं किया जाना उनके लिए निराशाजनक है, लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि चयन मानदंडों को किस प्रकार लागू किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें अब तक यह नहीं बताया गया है कि चयन से बाहर रखने का विशिष्ट कारण क्या था। मनिका ने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के अनुसार चयन प्रक्रिया में विश्व रैंकिंग, राष्ट्रीय रैंकिंग और चयन समिति के विवेकाधिकार को आधार माना जाता है। यदि ऐसा है तो खिलाड़ियों को यह स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए कि इन सभी कारकों को किस प्रकार और कितने महत्व के साथ लागू किया गया। 31 वर्षीय मनिका ने यह भी उल्लेख किया कि उनकी वर्तमान विश्व रैंकिंग 51 है और वह शीर्ष-50 के बेहद करीब हैं। उनका कहना है कि रैंकिंग में मामूली उतार-चढ़ाव सामान्य बात है और केवल इसी आधार पर उन्हें बाहर रखना समझना कठिन है।

मनिका ने अपने अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा कि इस सत्र में उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और चीन सहित कई मजबूत एशियाई खिलाड़ियों के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत दर्ज की हैं। उनके अनुसार, उनका वर्तमान प्रदर्शन उच्च अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू प्रतियोगिताओं में भागीदारी को चयन का आधार बनाया गया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार प्रतियोगिताएं खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए हर घरेलू टूनार्मेंट में भाग लेना हमेशा संभव नहीं होता।

## अंडर-23 महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के ट्रायल 21 जून को कानपुर में

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने वर्ष 2026-27 सत्र के लिए अंडर-23 महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के चयन ट्रायल की घोषणा कर दी है। इनका ट्रायल का 21 जून को कानपुर में होगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक व डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने शुक्रवार को बताया कि एसोसिएशन द्वारा जारी पत्र के अनुसार ट्रायल का आयोजन 21 जून को कानपुर स्थित कमला क्लब मैदान में किया जाएगा। यूपीसीए से संबद्ध विभिन्न जिला क्रिकेट संघों को भेजे गए निदेशों में कहा गया है कि वह अपने-अपने जनपदों की पात्र महिला खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि पर ट्रायल में भाग लेने के लिए भेजें।

# जैविक खेती के दम पर पूर्वोत्तर में भारत का अगला ग्रोथ इंजन बनने की क्षमता : वित्त मंत्री सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र अपनी सतत कृषि एवं जैविक उत्पादों की ताकत का उपयोग करके भारत का अगला विकास इंजन बनने की क्षमता रखता है। मेघालय राज्य वैश्विक बाजारों में अपने भरोसे के कारण इस क्षेत्र का नेतृत्व करने की विशेष स्थिति में है।

मेघालय के री-भोई जिले के भोइरिमबोंग में नॉर्थ-ईस्ट की सबसे बड़ी ऑर्गेनिक मसाला प्रोसेसिंग यूनिट के उद्घाटन समारोह में वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि का भविष्य अब केवल अधिक उत्पादन करने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि बेहतर, स्वच्छ, भरोसेमंद और प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद देने वालों के हाथों में है। वित्त मंत्री ने




कहा कि जब मेघालय के किसान आगे बढ़ेंगे, तो पूरा पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा। जब पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा, तो भारत की विकास यात्रा को एक नया इंजन मिलेगा।

सीतारमण ने मेघालय सरकार, महिला समूहों और उद्यमियों को राज्य में जैविक कृषि आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए बधाई दी। उन्होंने मेघालय की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि राज्य को बड़े कृषि राज्यों के साथ मात्रा के आधार पर प्रतिस्पर्धा करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भविष्य भरोसेमंद गुणवत्ता एवं भरोसेमंद उत्पादकों का है।

इस मौके पर मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग गोले और मेघालय के उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन टिनसोंग भी मौजूद थे।

# शेयर बाजार में लगातार पांच दिनों से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 607 अंक टूटा

**नई दिल्ली/मुंबई।** शेयर बाजार में लगातार पांच दिनों से जारी तेजी शुक्रवार को थम गई। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स में 607 अंक और निफ्टी में 155 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एक्सेंचर के सतर्क आय अनुमान के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सेचज (बीएसई) का सेंसेक्स 607.08 अंक यानी 0.78 फीसदी टूटकर 76,802.90 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 940.26 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 154.90 अंक यानी 0.64 फीसदी की गिरावट के साथ



24,013.10 के स्तर पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू बाजार में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। इससे पहले के पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 3,577.43 अंक यानी 4.84 फीसदी और निफ्टी 1,006.4 अंक यानी 4.34 फीसदी चढ़ गया था।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सबसे ज्यादा नुकसान इंफोसिस को हुआ। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा में गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड और एनटीपीसी जैसे शेयर बढ़त में रहे।

वहीं, निफ्टी पर सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी मामूली गिरावट में रहा, जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा। चीन का शंघाई और हांगकांग का बाजार अवकाश के कारण बंद रहे। वैश्विक स्तर पर कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 फीसदी गिरकर 79.39 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, रुपया शुक्रवार को शुरूआती बढ़त खोते हुए अंत में छह पैसे मजबूत होकर 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 254.36 अंक यानी 0.33 फीसदी उछल कर 77,409.98 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 82.30 अंक यानी 0.34 फीसदी चढ़कर 24,168 के स्तर पर बंद था।

## जियो प्लेटफॉर्म्स सेबी के समक्ष दाखिल करेगा आईपीओ दस्तावेज : मुकेश अंबानी

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स शुक्रवार को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 49वीं वार्षिक आम बैठक में यह जानकारी दी। मुकेश डी. अंबानी ने कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स के निदेशक मंडल ने आईपीओ लाने के दस्तावेज को आज मंजूरी दे दी। इसे आज ही सेबी के समक्ष दाखिल किया जाएगा।

मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ इस साल आरआईएल के लिए वैल्यू बनाने की दिशा में सबसे अहम पड़ाव है। इससे रिलायंस के शेयरहोल्डर्स के लिए बड़ी वैल्यू बनने की उम्मीद है। इसके साथ ही नए निवेशकों को निवेश का एक आकर्षक मौका भी मिलेगा। मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो की प्रस्तावित लिस्टिंग दुनिया को दिखाएगी कि भारत ग्लोबल स्तर, ग्लोबल क्षमता और ग्लोबल वैल्यू वाली टेक्नोलॉजी कंपनियां बना सकता है।

कंपनी ने बीएसई और एनएसई को दी सूचना में भी कहा है कि यह आईपीओ आवश्यक नियामकीय मंजूरियों के अधीन रहेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) की 66.43 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि शेष 33.57 फीसदी में से मेटा और गूगल की संयुक्त हिस्सेदारी 17.71 फीसदी है। विश्लेषकों का अनुमान है कि जियो का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अब तक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम हो सकता है, जिसका संभावित मूल्यांकन 130-180 अरब यूएस डॉलर के बीच आंका जा रहा है।